ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 7 जून 2025
वर्ष 5, अंक 106, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू 12

क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड 14

## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

• सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील उचित प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा। एनबीई ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है, इसके लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है। एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा।

## पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हुआ था हमला

कटरा (जम्मू), एजेंसी

• प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल लाइन और चिनाब नदी पर निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था।

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा कि मानवता के साथ पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है।

मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जोर पकड़ रहा था और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे थे। कहा कि पर्यटन जम्मू-कश्मीर में गरीबों की रसोई का ईंधन है और पाकिस्तान ने जानबूझकर इस क्षेत्र को निशाना बनाया। कहा कि पाकिस्तान पर्यटन पर निर्भर पर्यटक गाइड, टट्टू संचालकों, गेस्ट हाउस मालिकों, दुकानदारों और ढाबा संचालकों की आजीविका के साधन को नष्ट करना चाहता था। आदिल, जिसने आतंकवादियों को चुनौती दी थी, वह भी रोजी-रोटी कमाने के लिए वहां गया था।



चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला। • एजेंसी

### नई रेल लाइन सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। कहा कि चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले मोदी ने दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया। रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

## 5 साल बाद रेपो रेट में सबसे बड़ी कटौती

### भारतीय रिजर्व बैंक ने 0.5% घटाकर किया 5.5, आवास, वाहन ऋण समेत सभी तरह के कर्ज होंगे सस्ते

मुंबई, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

• एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने दरें घटाने के पक्ष में किया मतदान

भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि तेज करने के मकसद से शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर में पांच साल में की गई यह सबसे बड़ी कटौती है।

इसके साथ ही अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की गई है। पहले यह 4 प्रतिशत थी, जो अब 3% होगी। यह कटौती चार हिस्सों में 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से 0.25 प्रतिशत की दर से होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलेगी। आरबीआई के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक नकदी उपलब्ध होगी जो अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगी। इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने का निर्णय किया। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस कटौती के साथ आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मई 2020 के बाद पहली कटौती फरवरी में की थी। मल्होत्रा ने कहा, रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को समर्थन देने के लिए अब सीमित गुंजाइश बची है।



केंद्रीय बैंक को विश्वास है कि उसकी घोषणाएं कर्ज देने को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए निरंतर मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू वृद्धि पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। एमपीसी की अगली बैठक चार से छह अगस्त के बीच होगी।
– **संजय मल्होत्रा**, आरबीआई गवर्नर।

### चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रोथ के अनुमान को रखा बरकरार

यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी समान आर्थिक वृद्धि का ही अनुमान लगाया है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के बाद बढ़ता व्यापार तनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक औसतन 8% की सालाना ग्रोथ रेट को बनाए रखना होगा। यह चुनौती भरा लक्ष्य है। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है।

### रेपो रेट क्या है

जब हमें पैसे की जरूरत हो और खाता खाली हो तो हम बैंक से कर्ज लेते हैं। बदले में बैंक को ब्याज चुकाते हैं। इसी तरह बैंक को भी जरूरत या रोजमर्रा के कामकाज के लिए रकम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक इस लोन पर रिजर्व बैंक को जिस दर पर ब्याज चुकाते हैं, उसे रेपो रेट कहते हैं।

### 50 लाख रुपये के 20 साल के लोन पर मासिक ईएमआई पर घटेंगे 1570 रुपये

बरेली के चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेन विद्यार्थी ने बताया कि अगर आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल के लिए लिया है, जिसके लिए आप 8.5% का ब्याज दे रहे हैं तो आपकी मंथली ईएमआई 43,392 रुपये बनेगी। अब रेपो रेट में कटौती के बाद आपके बैंक की ईएमआई में बड़ी कमी होगी। यह ब्याज घटकर 8 फीसदी रह जाएगा, जिस कारण आपके होम लोन की ईएमआई 41,822 हो जाएगी। यानी मंथली किश्त में 1570 रुपये की कमी होगी।

### क्या पड़ेगा रेपो रेट का आपके ऊपर असर

जब बैंक को रिजर्व बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा तो उनके फंड जुटाने की लागत कम होगी। इस वजह से वे ग्राहकों को सस्ता कर्ज दे सकते हैं। मतलब यह है कि रेपो रेट कम होने पर होम, कार या पर्सनल लोन पर ब्याज की दरें कम होंगी।

## शौर्य महोत्सव को राजकीय मेला बनाया जाएगा : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चमोली जनपद के थराली के चेपड़ों गांव में प्रथम अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में हुए शौर्य महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने इस मेले को राजकीय बनाने व शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए बजट देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री धामी ने शौर्य महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद भवानी दत्त जोशी को नमन करते हुए कहा कि जोशी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का मनोबल लगातार ऊंचा हुआ है। हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ चले ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने बता दिया कि जो भी गोली आतंकियों की तरफ से चलेगी, उसका जवाब तोप के गोलों से दिया जाएगा। थराली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस लापरवाही पर तीन इंजीनियर्स को तत्काल सस्पेंड किया गया है । इस मौके पर उन्होंने मेले के राजकीय करण की भी घोषणा की और शहीद सतीश चंद्र के पिता महेशानंद, शहीद कृपा सिंह की पत्नी विमला देवी, शहीद हिम्मत सिंह के भाई अभय सिंह नेगी और सरोजनी कोटड़ी को सम्मानित किया। इस दौरान विस अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, दर्जामंत्री बलवीर घुनियाल, हरक सिंह नेगी, मेला अध्यक्ष बीरू जोशी, ले. कर्नल हरीश जोशी, विधायक भूपाल राम टम्टा, डीएम संदीप तिवारी, एसपी सर्वेश पंवार, सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम पंकज भट्ट रहे।



थराली में शहीद भवानी दत्त जोशी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री।

• अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित किया गया शौर्य महोत्सव

• मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए बजट देने की घोषणा

## एक नजर

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी -7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

### रीजीजू ने लॉंच किया वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रीजीजू ने कहा कि इससे पारदर्शिता भी आएगी।

## सहारनपुर में सेना के हेलीकॉप्टर अपाचे की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, अमृत विचार** : सहारनपुर के चिलकाना इलाके में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने खेत में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

• तकनीकी खराबी के चलते खेत में उतारा गया

स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सहारनपुर के जोधेबांस गांव में सेना के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन से नियमित अभ्यास पर था। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए खेतों में सुरक्षित लैंडिंग कराई। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। सेना की तकनीकी टीम ने मौके पर हेलीकॉप्टर की जांच की और सुधार के बाद उसे एयरबेस वापस भेज दिया गया।

## डिनो मोरिया, बीएमसी अफसरों के यहां छापा

मुंबई, एजेंसी

• मीठी नदी से गाद निकालने के मामले में ईडी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकाले जाने से जुड़े घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र में अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों समेत अन्य के परिसरों पर तलाशी ली।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये छापे महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक स्थानों पर मारे गए। इनमें मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) में मोरिया के परिसर, उनके भाई सेंटिनो के ठिकाने शामिल हैं। इनमें बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों, ठेकेदारों और कुछ अन्य के परिसर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी को गाद निकालने का उपकरण प्रदान करने वाली एक कंपनी- मेटप्रोप टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोच्चि की है, इसलिए वहां भी तलाशी ली गई। आरोप है कि इस घोटाले के कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

## हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों की होगी कुर्की

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह कदम 15 मई को चोकसी को भेजे गए एक नोटिस के बाद उठाया है, जिसमें 15 दिन के भीतर भुगतान न करने पर संपत्ति के साथ बैंक खाते भी जब्त करने की चेतावनी दी गई थी।

• 2.1 करोड़ बकाया वसूली के लिए सेबी ने दिया आदेश

चोकसी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में जनवरी, 2022 में सेबी द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया था जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया था। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक होने के साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था।

## मस्क की स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

• देश में प्रदान करेगी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी।

यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है।

सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। कंपनी को आवेदन करने के 15-20 दिनों में परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा। स्टारलिंक को अब सेवाएं शुरू करने से पहले वैध अवरोधन के लिए पहुंच प्रदान करने जैसे सुरक्षा मानदंडों का पालन करना होगा। यह लाइसेंस मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक रूप से हुए बड़े विवाद के कुछ घंटों बाद आया।

## उत्तरकाशी में कार खाई में गिरी, महिला की मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

• धरासू में मरगांव के समीप हुए हादसे में छह घायल

**अमृत विचार** : जनपद उत्तरकाशी में कार खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों को मदद से घायलों को निकाला और निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया।

शुक्रवार की गमरी पीपलखंडा गांव से बांदू पुजारागांव डुंडा जा रही कार धरासू में मरगांव के समीप 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कार सवारों को खाई से निकाला। कार में चालक, दो महिलाएं व चार बच्चे थे। सभी को चिन्यालीसौड़ स्थित सरकारी अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त 30 वर्षीय वन्दना देवी पत्नी मंगल मोहन मिश्रा निवासी ग्राम गमरी, चिन्यालीसौड़ के रूप में हुई। जबकि घायलों में मनीष पुत्र सुरेश प्रसाद, कविता पत्नी गणेश मिश्रा, नंदिनी, दिव्यम, देवान्श, दीपक निवासीगण चिन्यालीसौड़ अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

## बिजनौर में छह साल की बच्ची को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

**बिजनौर, अमृत विचार** : दूध लेने मां के साथ गई 6 साल की बच्ची को लौटते समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला थाना अफजलगढ़ के मोहल्ला फैजी कालोनी का है, जहां बच्ची यासमीन अपनी मां के साथ दूध लेने गई थी। लौटते समय मां, बेटी से करीब 100 मीटर आगे निकल गई और इस बीच बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को 50 से अधिक जगहों पर काटा, उसका पेट तक फाड़ दिया।

## उत्तराखंड को फलों का हब बनाने की दिशा में हो रहा काम

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने देहरादून में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों से किया संवाद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कॉलागढ़ स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को फलों का हब बनाने की दिशा में काम हो रहा है। साथ ही बताया कि अभियान का लक्ष्य किसान और कृषि का कल्याण है।

चौहान ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए असली प्रयोगशाला खेत ही है इसलिए हमने लैब-टू-लैंड जोड़ने और 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमों के साथ गांव-गांव जाकर विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया। इसमें 2,170 वैज्ञानिक देश भर में हर क्षेत्र की विशेषता, जलवायु विभिन्नता, मिट्टी की उर्वरकता आदि प्रत्येक बारीक से बारीक जानकारियां जुटाने के लिए किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड में भी 75 वैज्ञानिकों की टीमें किसानों से सीधा संवाद कर रही हैं। शोध से मिली जानकारी के आधार पर कृषि की दिशा तय की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई और नहीं है इसलिए इस अभियान में दो तरफा संवाद किया जा रहा है। किसानों की व्यावाहारिक समस्याओं को सुन व समझकर ही अनुसंधान, नीति, कार्यक्रम और योजना बनाई जाएंगी। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत खेती को बचाने के लिए खेतों में तारबाड़ की व्यवस्था की जाएगी। पहाड़ों के फल और सब्जियां अन्य किसी भी क्षेत्र की तुलना में शानदार है। उत्तराखंड के सेब कश्मीर को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं, जो बागवानी की उन्नति को दर्शाता है। काफल, मडुवा समेत स्थानीय फल व अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए उत्तम किस्म के बीज बनाने होंगे और मार्केटिंग-ब्रांडिग पर भी ध्यान देना होगा। उत्तराखंड दुनिया में फलों का हब बने इस दिशा में गंभीरता से काम किया जाएगा। अंत में केंद्रीय मंत्री ने सभी किसानों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड का इस्तेमाल और मिट्टी की आवश्यकता अनुसार ही उर्वरकों के इस्तेमाल का आह्वान किया। इस दौरान उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी, सचिव डॉ. सुरेंद्र नारायण पांडेय, डीजी कृषि एवं बागवानी रणवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।





किसानों को सम्मानित करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।



डीएसए मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार



सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# अब देवभूमि खेल भूमि के रूप में बढ़ रही आगे: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को डीएसए मैदान में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीएसए मैदान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवभूमि अब खेलभूमि के रूप में सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है। खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष जैसे गुणों का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में खेल संस्कृति को मजबूत आधार मिला है और भारत अब वैश्विक खेल मंचों पर नई पहचान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। राज्य सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान लागू करेगी, जिसके अंतर्गत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी, जहां हर साल सैकड़ों खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। लागू नई खेल नीति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं।



सौंदर्यीकरण कार्य के बारे में जानकारी हासिल करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने ये भी घोषणाएं कीं

- धुनीघाट एवं रातीघाट पैदल मार्ग के सुधार का कार्य किया जाएगा।
- शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग (कैंची–हरतपा–हैलीमोटर मार्ग से तितोली तक) का उच्चीकरण एवं सुधार होगा।
- राज्य मार्ग संख्या–71 (रामनगर–भंडारपानी–अमगड़ी–भौराकोट–बेतालघाट–भुजान रिची–बिल्लेख) के खंडों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।
- डीएसए मैदान को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण के लिए मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।
- नैनीताल में वैकल्पिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।
- फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग बनाई जाएंगी।
- फ्लैट्स मैदान का उपयोग केवल खेल और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किया जाएगा, अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक रहेगी।
- नैनीताल बस अड्डा परिसर का पुनर्विकास लाइटवेट स्ट्रक्चर के माध्यम से किया जाएगा ताकि सार्वजनिक परिवहन सुविधा बढ़े और ट्रैफिक जाम कम हो।
- मुख्य स्थलों का रोड सेफ्टी सर्वेक्षण कर वॉटर लेक्स कम किए जाएंगे।
- स्थानीय वेंडरों के लिए वेंडिंग ज़ोन का निर्माण किया जाएगा।
- नैनी झील की डिसिल्टिंग की जाएगी और रेलिंग बदली जाएगी।

उन्होंने यहां बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की। इस दौरान उन्होंने विजेता खिलाड़ियों लतिका भंडारी, भूमिका जंतवाल, नितेश बिष्ट, निर्मल बिष्ट, अंश बिष्ट, कनिष्क जोशी, सूर्या पटेल, भाग्रवी रावत, श्रद्धा जोशी, कोमल, न्वया पांडे, वैभव सिंह पडियार, एसडीएम नवाजिश खलीक सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त स्व. एनके आर्य स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया।

## सौंदर्यीकरण व पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे। उन्होंने मल्लीताल में मानसखंड मंदिर माला योजना के तहत 1101 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस योजना के अंतर्गत बनी 12 नई दुकानों का उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने कहा कि नैनीताल में सीवर लाइन और एसटीपी का कार्य प्रगति पर है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए ऑटोमेटिक पार्किंग की मंजूरी दी गई है। जल्द ही अशोक पार्किंग का विस्तार और मेट्रो पार्किंग का निर्माण भी शुरू होगा, जिसके लिए केंद्र सरकार से अनुमति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मानसखंड कॉरिडोर के अंतर्गत मां नैना देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण चल रहा है। डीएसए मैदान का सुधारीकरण और बलियानाला व ठंडी सड़क पर भूस्खलन सुरक्षा के कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। बच्चों की मांग पर यहां वॉलीबॉल ट्रैक का लोकार्पण किया गया है।

मां नैना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपये की धनराशि दी जा रही है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन, अजय टम्टा, विधायक सरिता आर्या, फकीर राम आर्य, राम सिंह कैड़ा, दीवन सिंह विष्ट, शिव अरोरा, मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार डब्बू, दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दया पोखरिया, मोनज जोशी, मनोज साह, नितिन कार्की आदि मौजूद रहे। साथ ही कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, आईजी रिधिम अग्रवाल, एसएसपी पीएम मीणा, एडीएम विवेक राय एवं पीआर चौहान भी मौजूद थे।

## जल संस्थान के ईई को निलंबित करने के निर्देश

- मुख्यमंत्री ने कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल में कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने काशीपुर के जल संस्थान के अधिशासी अभियंता शिवम द्विवेदी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ऊधमसिंह नगर ने अधिशासी अभियंता पर जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में लापरवाही बरतने पर उनकी शिकायत की थी।

मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप कार्य न होने या अनावश्यक देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कार्य संस्कृति में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को अनिवार्य बताया। जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि पुनर्वास पैकेज को स्वीकृति दी जा चुकी है तथा मास्टर प्लानिंग पूर्ण हो चुकी है। मानसून से पूर्व मुख्य बांध निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह परियोजना उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के लिए सिंचाई क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने सूखा ताल के पुनर्जीवन प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए। कैंची धाम क्षेत्र के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए मास्टर प्लान पर प्रगति की जानकारी दी और बताया कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का बजट दोगुना किया गया है।

सरकार किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता के विश्वास और अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसके लिए एक पारदर्शी, जिम्मेदार और संवेदनशील शासन व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य में विजिलेंस व्यवस्था को और सशक्त एवं सक्रिय बनाया जा रहा है। अब सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में सीधे और निर्णायक हस्तक्षेप करेगी। किसी भी स्तर का अधिकारी यदि दोषी पाया गया, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। घोषणा की कि "ड्रग फ्री उत्तराखंड" अभियान को जागरुकता, पुनर्वास और निगरानी तीनों स्तरों पर संचालित किया जाएगा।

## सुरेश, अरविंद, बहादुर व सती ने दर्ज की जीत

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद सदस्यता के लिए शुक्रवार को 4 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। कुल 68 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें से 2 मत अवैध घोषित किए गए। चुनाव में वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. सुरेश डालाकोटी ने लगातार 8वीं बार कार्यपरिषद सदस्य के रूप में जीत हासिल की।

उन्हें प्रथम वरीयता के आधार पर 18 मत प्राप्त हुए। उनके साथ ही अरविंद पडियार को भी 18 प्रथम वरीयता मत प्राप्त हुए और वे भी विजयी घोषित किए गए। वहीं, बहादुर पाल को भी प्रथम वरीयता में पर्याप्त मत प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने सीधे जीत दर्ज की। केवल सती को दूसरे वरीयता मतों की गिनती में विजय प्राप्त हुई।


# स्लॉटर हाउस पर जिलाधिकारी लें 24 घंटे में फैसला

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल में राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा सील किये गए स्लॉटर हाउस को खोले जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने जिलाधिकारी नैनीताल से 24 घंटे के भीतर सील किए गए स्लॉटर हाउस पर निर्णय लेने को कहा है।

मामले के अनुसार, नैनीताल के इस्लामिया मुस्लिम बोर्ड द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि लोगों की शिकायत के बाद राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा लगभग एक सप्ताह पूर्व नैनीताल के तल्लीताल स्थित स्लॉटर हाउस को सील कर दिया गया, तब से स्लॉटर हाउस बंद पड़े हुए हैं। याचिका में कहा है कि ईद के त्योहार को देखते हुए तीन दिनों के लिए स्लॉटर हाउस को खोला जाय ताकि लोग वहां जानवरों की कुर्बानी कर सकें। सुनवाई के दौरान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से अपना पक्ष रखते हुए कहा गया कि स्लॉटर हाउस का संचालन नियमों के तहत नहीं किया जा रहा है। बार-बार नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा इसकी शिकायत की जा रही है। जांच करने के उपरांत बोर्ड ने स्लॉटर हाउस में कई तरह की खामियां पाई जिसकी वजह से स्लॉटर हाउस को सील करना पड़ा। इनका संचालन पीसीबी के नियमों के तहत नहीं किया जा रहा है।

### हाईकोर्ट ने निर्माण पर रोक लगाई



नैनीताल, अमृत विचार : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी माल रोड से पुस्तकालय को जोड़ने वाली सड़क के बीच में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे निर्माण पर रोक लगा दी है। मसूरी निवासी प्रदीप साह द्वारा माल रोड के बीच में किये जा रहे निर्माण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने निर्माण पर रोक लगाते हुए नगर पालिका को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 3 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

## दिनेश राणा को हाईकोर्ट से नहीं मिल पाई राहत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस टीम नैनीताल द्वारा 9 मई को गिरफ्तार नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी रहे दिनेश राणा की ओर से हाईकोर्ट में जमानत अर्जी पर शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई हुई।

हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि अब 18 जून निर्धारित की है। तब तक दिनेश राणा को फिलहाल राहत नहीं मिली है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि भ्रष्टाचार के मामले में किसी कर्मचारी या अधिकारी को ट्रैप करने या गिरफ्तार करने से पूर्व एफ़आईआर होना अनिवार्य है किंतु विजिलेंस द्वारा यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है। इस मामले में सीबीआई की प्रक्रिया को भी कोर्ट के समक्ष रखा गया। सीबीआई द्वारा किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पूर्व एफआईआर दर्ज की जाती है। हाईकोर्ट के समक्ष सुप्रीम कोर्ट द्वारा ललिता कुमारी व अन्य मामले में दिए गए आदेश को भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें किसी कर्मचारी या अधिकारी की गिरफ्तारी से पूर्व एफआईआर दर्ज किया जाना आवश्यक बताया गया है।

### सार-संक्षेप



लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में नाटक की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार


#### नाटक के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**भीमताल :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में ऑपरेशन सिंदूर नाटक का मंचन किया गया। इसके माध्यम से पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए सैलानियों और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि की गई। नाटक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद संपन्न हुए ऑपरेशन सिंदूर को प्रस्तुत किया गया। एक और आतंकवादियों की क्रूरता को गहराई से दर्शाया गया, वहीं दूसरी ओर प्रतिक्रिया स्वरूप भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के कौशल का वर्णन करते हुए विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी को दिखाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निदेशक एसएस नेगी ने सभी अभिनय करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। निर्देशन शिक्षक उपकार सिंह और संचालन हर्षिता पंत ने किया। नाटक में दिव्या सिंह, श्रुति कीर्ति वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, अर्पित राणा, देवन चौधरी, अनुज, विजेता व मानव जोशी आदि शामिल रहे।

#### नगरपालिका को मिले पार्किंग का स्वामित्व



**भीमताल :** सिडकुल में नवनिर्मित वाहन पार्किंग का स्वामित्व नगर पालिका को देने की मांग पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत देवेंद्र चनौतिया ने जिलाधिकारी से की है। डीएम को भेजे पत्र में उन्होंने अवगत कराया कि नगरपालिका के द्वारा ही पार्किंग से संबंधित सभी कार्य किया जा रहे हैं, पर इससे प्राप्त आमदनी को एलडीए के द्वारा लिया जा रहा है। बताया कि पार्किंग की सफाई व अन्य सुविधा नगर पालिका की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। पार्किंग से आमदनी नहीं होने के कारण नगर पालिका का मनोबल कम हो रहा है, इसलिए इस पार्किंग का स्वामित्व नगर पालिका को दिया जाना चाहिए।




# पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

- विधायक राम सिंह कैड़ा के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण
- सुदूरवर्ती ब्लॉक ओखलकांडा के रेखाकोट का मामला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल विधानसभा के सुदूरवर्ती ब्लॉक ओखलकांडा के रेखाकोट में पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने खनस्यू बाजार में दो घंटे जाम लगाया। क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैंड़ा के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए।

ग्रामीणों के अनुसार, लंबे समय से पुल निर्माण की मांग की जा रही है। बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी बताते हैं कि पूर्व में भी इस संबंध में मांग की गई थी। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की बात कही थी, लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। पुल निर्माण के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्थाई पैदल मार्ग भी बार-बार बह रहा है। ऐसी में लगातार उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को खनस्यूं में दो घंटे जाम लगाकर पुल निर्माण के लिए आवाज बुलंद की।



खनस्यूं बाजार में जाम लगाकर सड़क पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने ग्रामीणों को पुल निर्माण का आश्वासन दिया। इसके बाद ही ग्रामीणों ने जाम खोला। इस दौरान ग्राम प्रधान खीमानंद, सरपंच त्रिलोक सिंह, पूर्व सरपंच कुवार सिंह, सुरेश बिष्ट, दिनेश बेलवाल, त्रिलोक कुमार, इंद्र सिंह बिष्ट, रूप सिंह और आलम सिंह आदि शामिल रहे।

## 85 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे कॉर्बेट

**रामनगर, अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। कॉर्बेट का दिल कहे जाने वाला ढिकाला पर्यटन जोन 15 जून से बंद हो जाएगा। अप्रैल और मई दो माह में 85 हजार से अधिक पर्यटकों ने कॉर्बेट पार्क का भ्रमण किया। पिछले दो माह यानी अप्रेल और मई के आकड़ों पर नजर डाले, तो पिछले साल के दो महीने की तुलना में इस बार 6679 पर्यटक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पर्यटन जोन में अधिक आए हैं। साल 2024 में अप्रैल और मई माह में सभी पर्यटन जोनों में कुल 79070 पर्यटक आए थे, जबकि साल 2025 में यह संख्या बढ़कर 85849 रही। साल 2024 में अप्रैल में 32813 भारतीय, 1283 विदेशी यानी 34096 पर्यटकों की आमद रही। मई 2024 में 44610 भारतीय व 364 विदेशी पर्यटक आए। कुल 79070 पर्यटकों ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के पर्यटन जोनों का भ्रमण किया। सीटीआर के स्वागती कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक साल 2025 में अप्रैल माह में 38055 भारतीय, 1482 विदेशी पर्यटक आए, जबकि मई 2025 में 45947 भारतीय व 365 विदेशी पर्यटक आए।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| | |
|---|---|
| 34.0° | 24.0° |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.10 |

**एक नजर**

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री शनिवार को हल्द्वानी पहुंचकर कालू सिद्ध मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। सीएम कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री धामी शनिवार सुबह 9.35 बजे सेंट जोसेफ हेलीपैड नैनीताल से रवाना होकर 9.45 बजे एफटीआई हेलीपैड हल्द्वानी पहुंचेंगे। वह मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही मंदिर परिसर के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद 11.50 बजे गंगापुर कबड़वाल स्थित नगर निगम की गोशाला में पहुंचेंगे। यहां वह गोशाला के गोपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

### विद्युत चोरी में चार के विरुद्ध मुकदमा

**रामनगर :** विद्युत वितरण खंड रामनगर की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत चार लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया है। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण रामनगर रितु के नेतृत्व में टीम ने यह अभियान चलाया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी के अनुसार विद्युत चोरी के आरोप में चार मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सुखविंदर सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह पता कंदला हल्दुआ रामनगर, बलदेव सिंह पुत्र गुरूवचन सिंह पता नियर प्राइमरी स्कूल कंदला हल्दुआ रामनगर, हरजिंदर सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी राजपुर हल्दुआ रामनगर के खिलाफ विद्युत चोरी की जा रही थी, जबकि दिलबाग सिंह के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया गया।

### घायल उल्लू को रेस्क्यू सेंटर भिजवाया

**भीमताल :** स्थानीय निवासी बालिका पूनम को स्विमिंग के दौरान एक घायल उल्लू मिला। पूनम ने उल्लू के विषय में जानकारी भीमेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष शरद पांडेय और सचिव सुनीता पांडेय को दी। बाद में उल्लू को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भिजवाया गया। वनक्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि उल्लू का इलाज चल रहा है।

### कालू सिद्ध मंदिर के नए भवन में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित

# प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूजन शुरू, उद्घाटन आज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालू सिद्ध मंदिर के नए भवन में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा का पूजन का शुभारंभ हो गया है। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंदिर का लोकार्पण करेंगे।

नैनीताल रोड में चौड़ीकरण की जद में आ रहे प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर को वर्तमान स्थान के पीछे की ओर नए भवन में शिफ्ट किया गया है। उत्तर भारतीय नागर शैली में बना मंदिर में संगमरमर लगाया है। नए भवन का श्री कैंची धाम मंदिर की तर्ज पर रंग रोगन किया गया है।

जो बरबस ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। इधर, शुक्रवार को बरेली से महंत कालू गिरी महाराज भी पहुंच गए हैं। उन्हीं के नेतृत्व में मंदिर नए भवन में श्री विष्णु, शनिदेव, श्रीगोल्ज्यू देवता, राम दरबार, शिव परिवार, मां दुर्गा समेत देवी-देवताओं की 15 प्रतिमाओं की शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा शुरू की गई है। तीन दिवसीय इस आयोजन में आज भी पूजा अर्चना होगी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस लोकार्पण में हिस्सा लेंगे। फिर कल मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर को विद्युत झालरों व फूल मालाओं से सजाया गया है।



हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध मंदिर का नवनिर्मित भवन। ● अमृत विचार



कालू सिद्ध मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पूजन कार्यक्रम में शामिल पुजारी। ● अमृत विचार

**वृक्ष मंदिर के समीप ही होगा रिलोकेट**

प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर में वर्षों पुराना वृक्ष अब गोशाला में रिलोकेट नहीं किया जाएगा। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए डीएम वंदना ने निर्देश दिए थे कि वृक्ष को मंदिर परिसर में ही स्थापित किया जाए। इसके बाद वृक्ष को लॉपिंग करने के बाद मंदिर से सटे रिक्त स्थान पर रिलोकेट किया जाएगा।



सड़कों से अतिक्रमण हटवातीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

## नगर निगम ने दुकानों के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाया, सामान जब्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नगर निगम ने शुक्रवार को सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने कालाढूंगी चौराहे से रामपुर रोड पंचायत घर तक दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण हटाया। निगम की टीम ने इस दौरान दुकानों से बाहर फैलाए गए सामान और बोर्ड जब्त किए। शुक्रवार को जांच अभियान के लिए निकली निगम की टीम ने प्रतिबंधित क्षेत्र में सामान मिलने पर जब्त करने की कार्रवाई की। उन्होंने आगे से अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सफाई निरीक्षक चतर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर पर केस

### मनोज और बेटे रोहन प्रभाकर पर शहर के व्यापारी से लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उसके बेटे रोहन प्रभाकर की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लाखों रुपये के धोखाधड़ी के मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मनोज पर शहर के एक व्यापारी से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। मामले में पीड़ित व्यापारी ने पुलिस के महीनों चक्कर काटे और लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट से गुहार लगाई।

बरेली रोड निवासी जसविंदर सिंह भसीन, श्री गुरुनानक इंटरप्राइजेज के मालिक हैं। जसविंदर के मुताबिक उनकी फर्म कुमाऊ में सुपर स्टॉकिस्ट के तौर पर काम करती है, जो एफएमसीजी कंपनियों का फैक्ट्री से माल लेकर कुमाऊं में सप्लाई करती है। ऐसी ही एक कंपनी नेचुरल हर्बल प्राइवेट लिमिटेड क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उसके बेटे रोहन प्रभाकर की थी, जो सौंदर्य उत्पाद बनाती थी। मनोज ने ढाई लाख रुपये लेकर उन्हें डिस्ट्रीब्यूटर बनाया और ब्लैंक चेक लेकर माल दिया।

मनोज की कंपनी से उन्हें लगातार माल भेजा जाता और जसविंदर उसे सप्लाई कर देते। एक दिन अचानक मनोज ने अपनी कंपनी बंद कर दी। कंपनी से नया माल नहीं मिला और पुराना माल बाजार में फंस गया। आरोप है कि कंपनी के मार्केटिंग हेड ने मार्केट से सीधा पैसा उठवा लिया। इससे जसविंदर को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। अब मनोज अपनी बंद हो चुकी कंपनी को बेचने की फिराक में है। जसविंदर शिकायत लेकर कभी हल्द्वानी कोतवाली, कभी सीओ तो कभी एसएसपी के चक्कर काटते रहे। पुलिस जांच की बात कहकर उन्हें टरकाती रही, लेकिन कार्रवाई नहीं की। जसविंदर का कहना है कि उक्ता कर उन्होंने कोर्ट की शरण ली और सारे सुबूत न्यायालय के समक्ष पेश किए। जिसके बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडे ने मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर के साथ पीड़ित व्यापारी जसविंदर सिंह भसीन।

**पिछले साल लखनऊ के व्यापारी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट**



**हल्द्वानी :** मनोज प्रभाकर पर पिछले साल भी हल्द्वानी कोतवाली में 11.44 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा पुरानी सब्जी मंडी लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी नीरज कुमार शुक्ल ने दर्ज कराया था। मनोज ने उन्हें भी सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाया था। वर्ष 2023 में मनोज ने बैठक बुलाकर सारे सेल्स स्टाफ को निकाल दिया और कहा नई टीम रखी जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। बाद में पिता-पुत्र ने नीरज का फोन उठाना भी बंद कर दिया।

## कहीं नलकूप खराब तो कहीं पेयजल लाइन टूटी

संवाददाता, हल्द्वानी



- हल्द्वानी में कई जगह पानी की किल्लत, लोग परेशान
- बोले अधिकारी, जल्द होगा समस्याओं का समाधान

**अमृत विचार:** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पेयजल किल्लत चल रही है। पदमपुर निगल्टिया में नलकूप खराब होने की वजह से लोग पानी के लिए परेशान हैं तो वहीं चौफुला के बागनाथ कॉलोनी क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन टूट गए हैं।

पदमपुर निगल्टिया में नलकूप खराब हो गया है। इससे यहां पेयजल संकट गहरा गया है। स्थानीय लोग पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। इसके अलावा हिम्मतपुर और छड़ायल में भी नलकूप खराब हैं। इन नलकूपों को ठीक किया जा रहा है। जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता पंकज उपाध्याय ने बताया कि नलकूप सिंचाई विभाग खंड का है। इन्हें ठीक करने के लिए कह दिया गया है। जैसे ही ठीक होंगे पेयजल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। इधर सीवरेज लाइन बिछाने की वजह से चौफला क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन टूट गए। इस वजह से क्षेत्र में पानी कि दिक्कत हो गई। जल संस्थान लाइन को ठीक करने में जुटा हुआ है। यूयूएसडीए नगर निगम के नए वार्डों में सीवर और पेयजल लाइन बिछाई जा रही है। इस वजह से गलियों और सड़कों को खोदा जा रहा है। गुरुवार की देर रात चौफुला क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन टूट गए। जल संस्थान ने गेटवॉल्व बंद कर पानी की सप्लाई को रोक दिया। जल संस्थान के अनुसार शीघ्र ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इधर जिन क्षेत्रों में गौला नदी से पानी की आपूर्ति होती है वहां पानी सिल्ट की समस्या हो रही है। बार-बार हो रही बारिश की वजह से नदी में सिल्ट आ गई है। जिस वजह से नलों में पानी के साथ रेत भी आ रही है।

## सफाई कर्मचारी संघ का धरना जारी

**हल्द्वानी:** नगर निगम सभागार में विभिन्न मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के बनैर तले चल रहा धरना प्रदर्शन आज शुक्रवार दूसरे दिन भी जा रहा। कर्मचारियों ने चेताया कि अगर तीन दिवसीय सांकेतिक धरने के बाद अगर कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे।

शुक्रवार को देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में चल रहे धरने के दूसरे दिन कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर हुई सभा के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पाल ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निगम प्रशासन से बार-बार अवगत कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में राजेश, रोहित टाँक, राजेश, विशाल, शम्मी, सिद्धार्थ चौहान, मुकेश, लक्की, श्याम सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# दमुवाढूंगा के लोगों को बेदखल करना चाह रही सरकार : सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी

- विधायक सुमित ने कहा, लोगों को डराने-धमकाने का हो रहा काम
- दबाव से खौफ में जी रहे हैं दमुवाढूंगा के लोग



**अमृत विचार:** विधायक सुमित हृदयेश ने कहा की दमुवाढूंगा क्षेत्र प्रशासनिक दबाव और डर के माहौल से जूझ रहा है। यह वही क्षेत्र है जिसे वर्ष 2002 में स्व. इंदिरा हृदयेश ने गोद लिया था और वहां अभूतपूर्व विकास कार्य किए। मैंने भी दमुवाढूंगा क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण सहित कई विकास योजनाएं लागू की।

कहा कि मेरी माता जी का सपना था कि दमुवाढूंगावासियों को उनका मालिकाना हक दिलवाया जाए। इस दिशा में साल 2016 में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और दमुवाढूंगा क्षेत्र को राजस्व ग्राम के रूप में बंदोबस्त घोषित किया गया। इसके बावजूद वर्तमान सरकार न केवल इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में विफल रही है, बल्कि अब यह कह रही है कि दमुवाढूंगा में नए लोगों ने कब्जा किया है। सरकार और प्रशासन परंपरागत और दशकों से वहां निवासरत लोगों को बेदखल करने की कोशिश कर रही है जो सरासर गलत है। दमुवाढूंगा क्षेत्र के लोग 50-60 वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं।

यह केवल दमुवाढूंगा तक सीमित नहीं है। हाल ही में काठगोदाम क्षेत्र में मलिन बस्ती श्रेणी 'ए' के लोगों के घर प्रशासन ने उनको डरा-धमकाकर तुड़वा दिए, जबकि इन बस्तियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि शासनादेश अनुसार वहां के परंपरागत निवासियों को असंक्रमणीय अधिकारों के साथ भूमिधर घोषित किया जाना था, लेकिन इसके बजाय सरकार अब उन्हीं नागरिकों की जमीन को अवैध कब्जा बताकर कब्जाने का प्रयास कर रही है।

## स्कूटी सवार पर झपटा कुत्ता, मालिक पर केस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में पालतू कुत्ते ने एक स्कूटी सवार पर हमला कर दिया। जिससे स्कूटी सवार नीचे गिर गया। जिसके बाद भी कुत्ता हमला करता रहा और स्कूटी सवार बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इस मामले में पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम रामड़ी आन सिंह फतेहपुर निवासी दिनेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि 18 मई की सुबह वह अपनी दुकान से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर पर पहुंचते ही उनके पड़ोसी पुलिस संचार विभाग से सेवानिवृत्त किरन प्रकाश के कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उन्हें कई जगह काट कर लहूलुहान कर दिया। वह इस कदर जख्मी हुए कि अस्पताल ले जाना पड़ा। कुत्ते के काटने के बाद किरन प्रकाश के बच्चों ने उनके साथ अभद्रता की और गुंडों से मरवाने की धमकी दी। वहीं किरन प्रकाश का कहना है कि दिनेश चन्द्र आर्या अपने कुत्ते को स्कूटी पर बिठाकर हमारे घर के रास्ते से गुजर रहे थे, तभी रास्ते में कुत्ते झगड़ने लगे। दिनेश का संतुलन बिगड़ गया और वह स्कूटी से गिर गए, जिससे दिनेश को खरोचें आ गईं। आरोप है कि इसी बीच दिनेश के परिवार वाले वहां पहुंच गए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। उनके पालतू कुत्ते पर ईटों हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है, क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# हूटर बजाकर झाड़ रहा था रौब, पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मनमाने ढंग से सड़क पर उधम काटने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया है। इस दौरान एक अल्टो कार सवार हूटर बजाते हुए कार दौड़ाकर रौब गांठ रहा था। पुलिस ने न सिर्फ उसका हूटर उतारा बल्कि उसका रौब भी उतार दिया। पुलिस ने कुल ऐसे कुल 244 वाहन चालकों पर कार्रवाई की, जो यातायात नियमों का उलंघन कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, भवाली निवासी मोहम्मद सैफ अल्टो कार संख्या यूके 04 टीबी 5235 में हूटर लगाकर सड़क पर दबंगई दिखा रहा था। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर हूटर निकलवाया और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के चालानी कार्यवाही की।

इसी तरह भवाली निवासी नरेश पांडे बिना नंबर की लग्जरी कार दौड़ा रहा था। जांच में उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला। इस पर पुलिस ने कार को सीज कर दिया। इसके अलावा 5 वाहन सीज किए और 9 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से 88,500 का संयोजन शुल्क वसूला गया।



आरोपी की कार के बोनट के अंदर लगाए हूटर को निकलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

**बकरीद** बाजार में राजस्थानी, तोतापरी, सुरई, अजमेरी, तुर्की दुंबे, बरबरी, नागफनी जैसी नस्लों के बकरों की रही सबसे अधिक मांग

# 10 हजार से लेकर 4 लाख तक बिके बकरे, देर शाम तक बाजार में रौनक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आज (शनिवार) धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर पिछले तीन दिनों से शहर में बकरों की मंडी सजी रही, जहां लोग कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी में व्यस्त रहे। पिछले तीन दिनों से बकरा मंडी में भारी भीड़ लगी रही जिसके चलते बकरों की कीमतें भी आसमान पहुंच गईं।

बकरीद से पहले यहां विभिन्न नस्लों के बकरों की बिक्री हुई। जिसमें राजस्थानी, तोतापरी, सुरई, अजमेरी, तुर्की दुंबे, बरबरी, नागफनी जैसी नस्लों के बकरों की मांग अधिक रही। 10 हजार रुपये से लेकर 4 लाख रुपये तक बकरों की बिक्री हुई। बकरों की नस्ल, आकार, वजन और सुंदरता के हिसाब से कीमतें लगाई गईं।

राजस्थान की भूरा नस्ल के बकरों की कीमत 1 लाख रुपये तक पहुंची, जबकि तुर्की दुंबे नस्ल के बकरों की कीमत 2 लाख रुपये तक बताई जा रही है। बकरा व्यापारी मोहम्मद कादरी ने बताया कि इन बकरों की डाइट का विशेष ध्यान रखा जाता है, जिसमें गेहूं, दालें, काजू-बादाम और दूध आदि दिया जाता है। जिससे उनका वजन और आकार बढ़ता है। बकरीद को लेकर शुक्रवार को बाजार में भीड़ रही। गर्मी के कारण दोपहर में कम लोग खरीदारी के लिए निकले, लेकिन शाम होते ही बाजार में रौनक बढ़ गई। बकरों की मंडी में रौनक का माहौल देखने को मिला। लोग अपनी धार्मिक परंपराओं को निभाने के लिए बकरों की खरीदारी में व्यस्त रहे और व्यापारियों ने भी अच्छा मुनाफा कमाया। ईद-उल-अजहा जिसे बकरीद भी कहा जाता है। इसे इस्लाम के पांच प्रमुख स्तंभों में से एक हज की यात्रा पूरी होने के बाद मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं। एक-दूसरे से गले मिलते हैं और गरीबों को गोश्त का हिस्सा देते हैं। इसे त्याग और समर्पण के प्रतीक के पर्व के रूप में मनाया जाता है।



हल्द्वानी में लगा बकरियों का बाजार। ● अमृत विचार

**कुर्बानी के दौरान 5 से 6 गाड़ियां उठाएंगी अवशेष**

**हल्द्वानी :** बकरीद को लेकर शुक्रवार देर शाम तक तैयारियां जोरों पर रहीं। खासकर नगर निगम और प्रशासन बकरीद को लेकर अलर्ट है। नगर निगम की ओर से कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई का विशेष इंतजाम किया गया है। कुर्बानी के बाद अवशेष उठान के लिए नगर निगम की ओर से 5 से 6 गाड़ियां लगाई गईं हैं। जिन स्थानों पर जरुरत होगी, ये गाड़ियां तत्काल वहां पहुंचेंगी। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि बकरीद के दौरान टीम को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बकरीद को लेकर निगम की टीमें जगह-जगह सफाई और चूना-ब्लीचिंग का छिड़काव कर रही हैं।

**ईदगाहों में की गई तैयारी**

**हल्द्वानी :** शुक्रवार की शाम शहर की विभिन्न ईदगाहों में बकरीद के पर्व की तैयारियां की गई। ईदगाहों में साफ-सफाई की गई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। बकरीद की कुर्बानी को इस्लाम में वाजिब माना जाता है। माना जाता है कि बकरों की कुर्बानी के साथ-साथ लोगों को अपनी बुरी आदतों की भी कुर्बानी देनी चाहिए। इस दिन विशेष रूप से देश और दुनिया में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ की जाएगी। यह पर्व हजरत इब्राहीम की अल्लाह के प्रति श्रद्धा और विश्वास की याद दिलाता है। बताया जाता है कि जब उन्होंने अपने बेटे इस्माइल की बलि देने का संकल्प लिया था। अल्लाह की कृपा से बेटे की जगह एक मेमने की कुर्बानी दी गई और तब से यह परंपरा बन गई।

## बकरीद पर होने वाली कुर्बानी पर रहेगी क्यूआरटी की नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। खुले में कुर्बानी पर पूरी तरह पाबंदी है। कुर्बानी से लेकर कुर्बानी से निकलने वाले अवशेष तक पर पुलिस की क्यूआरटी टीमों की नजर होगी। कचरे को ट्रंचिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए दो रूट निर्धारित किए गए हैं और इसके अतिरिक्त किसी और मार्ग से कुर्बानी से निकलने वाला अवशेष नहीं ढोया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि हर गली और नुक्कड़ से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक उनकी नजर है।

पुलिस के मुताबिक बनभूलपुरा से लेकर हर उस मोहल्ले में कड़ी चौकसी के निर्देश हैं, जहां मुस्लिम आबादी रहती है। बकरीद को लेकर पुलिस पहले ही पीस कमेटी की बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दे चुकी है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि बनभूलपुरा पुलिस की मांग के अनुरूप उन्हें पुलिस बल मुहैया करा दिया गया है। पुलिस के साथ क्षेत्र में पैरामिलिट्री भी मौजूद रहेगी। कुर्बानी के लिए चार स्थान चिह्नित किए हैं और इन्हीं चिह्नित स्थानों पर कुर्बानी के निर्देश हैं। कुर्बानी से निकलने वाले अवशेष को ट्रंचिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए चोरगलिया रोड और शनि बाजार रोड को चिह्नित किया गया है। अवशेष को ट्रंचिंग ग्राउंड तक ढक कर ले जाने के निर्देश हैं और इस पर क्यूआरटी की नजर होगी। कुर्बानी से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

## सार-संक्षेप


रामनगर में बैठक करते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

### लचर कानून व्यवस्था पर जन संगठनों ने जताई चिंता

**रामनगर :** विभिन्न जन संगठनों की बैठक में वक्ताओं ने लचर कानून व्यवस्था पर चिंता जताई। साथ ही सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की गई। इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल के पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलने का निर्णय लिया गया। अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में आरोप लगाया कि अभी तक वीआईपी के बारे में पता नहीं चल पाया है। जन संगठन से जुड़े लोगों का कहना था कि इस संबंध में जल्दी ही प्रदेश के विभिन्न संगठनों से बातचीत कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव व राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के संचालन में हुई बैठक में इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी , कौशल्या, राज्य आंदोलनकारी चंद्रशेखर जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, टीके खान, उपपा के एसआर टम्टा, आसिफ, सुनील परनवाल आदि मौजूद रहे।


सफाई अभियान में एकत्र किए कचरे के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### अभियान में 1310 किलोग्राम कचरा एकत्रित किया

**रामनगर :** ढिकुली, ढेला, कालाढूंगी व कोसी बेराज में सफाई अभियान के तहत 1310 किलोग्राम कचरा एकत्र किया गया। इस सफाई अभियान में वन विभाग, होटल एसोसिएशन, स्कूली बच्चों समेत छह सौ लोगों ने भागीदारी की। वेस्ट वारियर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में टीम ने मिलकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के जंगल, कालाढूंगी के जंगल, ढेला व कोसी बेराज से नगर वन के अंदर पड़े हुए कचरे को एकत्रित किया। साथ ही आसपास के लोगों को कचरे के सही समाधान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डीएफओ दिगांत नायक, पार्क वार्डन अमित ग्वासिकोटी, अंकित बडोला, हरीमान, जगदीश छीमवाल, राजेंद्र छीमवाल, दीप मलकानी व शुभम थापा आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते प्रभात ध्यानी। ● अमृत विचार

### बलदेव बने भारत महागठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक

**लालकुआं :** विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में भारत महागठबंधन बनाने का निर्णय लेते हुए बलदेव राज सूद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया। सभी क्षेत्रीय दलों को एकजुट होकर भारत गठबंधन में शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। हालांकि इस पर पूरी तरह से आम सहमति नहीं बन सकी है, परंतु भारत महागठबंधन के लिए बलदेव राज सूद को राष्ट्रीय संयोजक व जीवन चंद्र उप्रेती को उत्तराखंड प्रदेश का संयोजक नियुक्त किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने भारत गठबंधन की स्थापना और क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात ध्यानी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल यदि ईमानदारी के साथ इस गठबंधन में जुड़कर संघर्ष करें तो तीसरे मोर्चे को देशभर में कामयाबी मिल सकती है। भारत की लोग जिम्मेदार पार्टी, पर्वतीय महासभा, उत्तराखंड देवभूमि पार्टी, उत्तराखंड चकबंदी मंच, अखिल भारतीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा, स्वराज हिंद फौज, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। इनमें सुल्तान सिंह, एडवोकेट संजय राठौर, अभिषेक सिंह, सुशील भट्ट, विरेंद्रपुरी महाराज, कमला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# डीडीए ने ग्रामीणों को जारी किए नोटिस, रोष व्याप्त

## आक्रोशित ग्रामीणों ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट को दिया ज्ञापन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** जिला विकास प्राधिकरण ने ग्राम सभा पूछड़ी गांव में करीब 150 से अधिक ग्रामीणों को मकानों के मानचित्र को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट को ज्ञापन देकर गुहार लगाई।

शुक्रवार को ग्राम प्रधान हज्जन नरगीस के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट से मुलाकात कर जिला विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र को लेकर जारी नोटिस के विरोध में उन्हें ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अंसारी ने बताया कि प्राधिकरण ने मानचित्र को लेकर नोटिस जारी किए हैं, जबकि इस क्षेत्र में मकान कई साल पुराने हैं। उन्होंने बताया कि 150 से अधिक ग्रामीणों को ने नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण द्वारा उन लोगों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जिन लोगों की रजिस्ट्री वाली जमीन पर छप्पर व टीन सेट बने हैं। 15 मार्च 2021 से पहले ग्राम प्रधान से नक्शा पास मकानों को नोटिस जारी किए गए हैं।


विधायक कार्यालय के बाहर नोटिस के साथ बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

विधायक बिष्ट ने आश्वासन दिया है कि शासन स्तर पर वार्ता कर नोटिस को निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। विधायक दीवान सिंह बिष्ट के बताया कि इस प्रकरण की जानकारी प्रधान से मिली है। इस क्षेत्र में जो मकान बन चुके हैं, उन पर पैनल्टी डालकर नक्शों का समाधान कराया जाएगा, क्योंकि मकानों के नक्शा होना भी जरुरी होता हैं।

जल्द ही शासन स्तर पर वार्ता कर ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान जावेद, शमशेर, जुल्फकार, मोनिस, फरियाद अली, असनाद हुसैन, फरजिना, तंजीला, नईमा, नफीस अहमद, रफीक व इकबाल आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने पौधरोपण करने को किया प्रेरित

**कालाढूंगी:** विकास खंड कोटाबाग के बैलपड़ाव सिंचाई डाक बंगले में विधायक बंशीधर भगत व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि यह पौधरोपण अभियान हरेला पर्व तक लगातार हर बूथ पर चलता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को अपने आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, धर्मदत्त सती, विपिन कांडपाल, भगवान तिवारी, मयंक तिवारी, सुरेंद्र बोहरा, हेम पाठक, मोहन चंद्र तिवारी, पितांबर तिवारी, अनिल कांबोज, गंगा बिष्ट, हरिश कांडपाल, रामदत्त बेलवाल, देवेंद्र आर्या, चंदन नेगी, दिवान सिंह बिष्ट, कृपाल सिंह, नरेंद्र बिष्ट व विपिन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### स्वागत कार्यक्रम 9 को

**भीमताल:** उपाध्यक्ष वरिष्ठ कल्याण परिषद उत्तराखंड दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा का नौ जून को भीमताल आगमन पर स्वागत किया जाएगा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि ब्लॉक कार्यालय में स्वागत और मीटिंग होगी।


पोस्टर प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# मेरी नथ गढ़ दै रे छैला सुनारा से मन मोहा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के संगीत विभाग की ओर से आईक्यूएसी के मार्गदर्शन में कुमाऊनी बैठकी होली पर व्याख्यान हुआ।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के डॉ. मुकुल कुमार ने बैठकी होली का इतिहास बताते हुए शास्त्रीय संगीत से उसके संबंध एवं रागों के एक निश्चित क्रम को अपने सुमधुर गायन से स्पष्ट किया। उन्होंने मेरी नथ गढ़ दै रे छैला सुनारा गायन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बताया कि कुमाऊं में घर-घर गाई जाने वाली बैठकी होली का असल आनंद वहीं लोग ले सकते है, जो शास्त्रीय संगीत और उसके रागों को भली-भांति जानते है। इस दौरान हुई पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. प्रमोद जोशी ने कुमाऊनी होली की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.एसएस मौर्य संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. शिप्रा पंत व डॉ. इंदू आर्या आदि मौजूद रहे।


विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# टेनिस टूर्नामेंट के एकल इवेंट में रियान बने विजेता

- युगल इवेंट में चंद्रिल सूद व लक्षित सूद की जोड़ी बनी चैंपियन, मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को दी ट्रॉफी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** प्रथम आईटा मैंस ओपन प्रतियोगिता आप्टिमम टेनिस एकेडमी की ओर से आयोजित टेनिस टूर्नामेंट के एकल इवेंट के फाइनल में रियान शर्मा ने परचम लहराया, जबकि युगल इवेंट के फाइनल मैच में चंद्रिल सूद व लक्षित सूद ब्रदर्स की जोड़ी ने जीत हासिल की।

टूर्नामेंट में शुक्रवार को कोर्ट 1 पर खेले गए एकल इवेंट के फाइनल मैच में रंजीत वीएम तमिलनाडू को रियान शर्मा दिल्ली ने रोमांचक मुकाबले में 7-6 व 6-4 से पराजित किया। मुख्य कोर्ट में युगल इवेंट के फाइनल मैच में चंद्रिल सूद व लक्षित सूद ब्रदर्स उत्तरप्रदेश की जोड़ी ने अमृत्युंजय मोहंती व शुभ्रंनिल बर्मन उड़ीसा की जोड़ी को 3-6, 6-4 व 10-4 से हराकर फाइनल अपने नाम किया। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को डीटीए नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी व मंजू जोशी ने ट्रॉफी दी। इस दौरान जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी, टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत, आयोजन सचिव अविनीश ररस्तोगी, रामनगर के वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी कमल सती और मोहित सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## आज साढ़े सात बजे ईदगाह में होगी नमाज

**रामनगर:** रामनगर ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज शनिवार सुबह साढ़े सात बजे होगी। शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने बताया कि ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज शनिवार सुबह साढ़े सात बजे होगी।

बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अकील अहमद ने बताया कि बड़ी मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज सुबह सात बजे अता की जाएगी। उलेमाओं ने सभी लोगों से ईद का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि त्योहार को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्यौहार मिल जुलकर मनाएं। नियमों का पालन करें और हुड़दंग न मचाएं। कहा कि हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत, साथी गंभीर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर किया गया है।


जितेंद्र। (फाइल फोटो)

शुक्रवार शाम को 51 वर्षीय जितेंद्र कुमटिया पुत्र स्व. भूपाल सिंह कुमटिया निवासी पुरनपूर चकलुवा अपने साथी इंद्र सिंह जलाल पुत्र करम सिंह जलाल निवासी देवीपुरा चकलुवा के साथ स्कूटी से कालाढूंगी बाजार से घर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि इंद्र सिंह जलाल को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि जितेंद्र निजी स्कूल की बस चलाता था। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि स्कूटी को कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।


घायल को एंबुलेंस में ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# अभी दस जून तक थमी रहेगी बारिश, पारे में आएगा उछाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कई दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला अब कुछ दिनों के लिए थम जाएगा। अगले कुछ दिनों तक तापमान में उछाल आएगा। बाद में मानसून की इंट्री होगी और बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

शुक्रवार को राज्य में कहीं भी बारिश नहीं हुई। हल्द्वानी में धूप निकली और मौसम अपेक्षाकृत गर्म था। अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की कमी दर्ज की गई। इधर मुक्तेश्वर में पारा 22.5 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री कम है। यहां दिन के समय मौसम सुहावना है तो राम के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि अब 10 जून तक राज्य में सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों में तापमान में भी बढ़ोत्तरी होगी। पिछले कई दिनों से मैदानी इलाके के लोगों को गर्मी से काफी राहत थी। इसके बाद मानसून सक्रिय होने की संभावना है। 11 से 12 जून के दौरान राज्य के सभी जिलों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

### खुशगवार रहा नैनीताल का मौसम

**नैनीताल :** चार दिन खराब रहने के बाद सरोवर नगरी नैनीताल का मौसम शुक्रवार को खुशगवार रहा। मौसम सुधरते ही तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और दिन के समय गर्मी महसूस हुई। हालांकि सुबह के समय घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। जिस कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी। दोपहर में बादल साफ हो गए और चटख धूप निकल आई। इसके बाद हल्के बादलों का आना जाना लगा रहा, लेकिन तापमान में असर नहीं डाल पाए। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा। जिसके चलते तापमान में बढ़ोत्तरी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अधिकतम तापमान 30 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 45 प्रतिशत रही।

## भंडारे के साथ अंखड रामायण पाठ का समापन

**कालाढूंगी:** श्री हनुमान मंदिर भटलानी कोटाबाग में अखंड रामायण पाठ का भंडारे के साथ समापन हो गया है। श्रीश्री 1008 श्री दंडी स्वामी महाराज जी की स्मृति में आयोजित अखंड रामायण पाठ के आयोजन में दंडी स्वामी मानव सेवा के पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश की शांति के लिए प्रार्थना की। शुक्रवार को समापन पर भंडारे का श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर चंद्रशेखर बुधलाकोटी, दीपेंद्र शर्मा, बसंत वल्लभ पांडेय, राहुल गुप्ता, प्रशांत अधिकारी, जितेंद्र अधिकारी, तारा सिंह अधिकारी, कुलदीप तड़ियाल, तेज सिंह अधिकारी, विमल सक्टा आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**भीमताल :** मल्ला ओखलकांडा के पतलोट में संदिग्ध परिस्थितियों में टैक्सी चालक का शव मिला है। युवक की शिनाख्त 30 वर्षीय जीतू बोरा पुत्र हरि सिंह बोरा के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि जीतू टैक्सी चलाता था। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम जीतू सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के बाद घर नहीं पहुंचा। शुक्रवार सुबह जीतू का शव घर से आधा किलोमीटर पहले सड़क किनारे पड़ा मिला। सीओ प्रमोद शाह ने बताया कि मृतक का शरीर नीला पड़ा था। प्रथम दृष्टया विषाक्त पदार्थ खाने के कारण उसकी मौत होने का अंदेशा है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



**चिंता** निहाल नाला मचाता है तबाही, अभी तक पूरे नहीं हुए बचाव के कार्य, ग्रामीण जिलाधिकारी के समक्ष भी उठा चुके हैं मुद्दा

# मानसून नजदीक, ग्रामीणों को सता रहा आपदा का डर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** मानसून नजदीक है, लेकिन अभी तक निहाल नाले से बचाव के लिए कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं। इस कारण चकलुवा के रामपुर व विदरामपुर गांव के ग्रामीणों को फिर से आपदा का डर सता रहा है। पूर्व में इस नाले ने कई ग्रामीणों की जमीन कटाव करने के साथ ही चार मकानों को अपनी चपेट में ले लिया था। नाले के बहाव में हल्द्वानी-रामनगर-देहरादून स्टेट हाइवे की पुलिया भी बह गई थी।

निहाल नाले की तबाही से नाले के किनारे ग्रामीणों की कई एकड़ जमीन बह गई थी। बीती 16 मई को डीएम व विधायक के जनता दरबार में भी ग्रामीणों ने नाले के कटाव से सुरक्षा की मांग उठाई थी। डीएम वंदना सिंह ने सिंचाई व वन विभाग को सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिए थे।


नाले से बचाव के लिए कार्य करता ग्रामीण। ● अमृत विचार

29 मई को वन विभाग व सिंचाई विभाग ने निहाल नदी के पानी के डायवर्जन के लिए ज्वाइंट सर्वे कर निरीक्षण किया था। अब मानसून दस्तक देने वाला है, लेकिन सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि सिंचाई विभाग व मनरेगा योजना द्वारा कंक्रीट के ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण नेत्र मेहता, पप्पू मेहता, बहादुर खोलिया व भुवन मिश्रा ने बताया कि अपनी जमीन बचाने के लिए अपना बजट लगाकर वह भी स्वयं बचाव कार्य कर रहे हैं।

> सिंचाई विभाग व मनरेगा योजना के तहत कंक्रीट के ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा निहाल नदी के मुहाने से पानी के डायवर्जन को लेकर टेंडर प्रक्रिया कर जल्द ही चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू होगा। **-परितोष वर्मा,** एसडीएम, कालाढूंगी

> दैवीय आपदा मद से 10 वर्क आउट मिला है, जिनका कार्य चल रहा है। शासन को और प्रस्ताव बनाकर भेजे गए हैं। **-हरीश भट्ट, जेई,** सिंचाई विभाग।

कुंदन बौरा, शंकर दत्त जोशी, बहादुर मेहता, मंगल राठौर व जाकिर हुसैन आदि ग्रामीणों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। कहा कि अब मानसून दस्तक देने वाला है। फिर से हमारी जमीन निहाल नाले के कटाव में भेंट चढ़ सकती है।

## एक नजर

### वैज्ञानिकों ने किसानों को दिए फसल बचाने के टिप्स

**हल्द्वानी :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत रामगढ़ विकासखंड के सभागार में नैकाना न्याय पंचायत का एक दिवसीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बोहराकोट बसंत शाह ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग के विकासखंड प्रभारी अफरोज अहमद ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मृदा परीक्षण, और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, उद्यान विभाग की कुंद बंदना आर्या ने बागवानी योजनाओं, अनुदान एवं तकनीकी सहायता की जानकारी किसानों को दी। डा. तरुण बेला ने किसानों को विभाग की योजनाओं के साथ-साथ पशु बीमा की महत्ता पर भी जोर दिया।

### शहर में बनेगा रजत और साइंस पार्क, शासन को भेजी डीपीआर, स्वीकृति मिलते ही शुरू होगा कार्य

# 5.30 करोड़ रुपये से होगा 6 पार्कों का सौंदर्यीकरण

- नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने दी जानकारी
- वर्तमान में बदहाल हैं शहर के अधिकांश पार्क

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** हल्द्वानी शहर में कुल 69 पार्क हैं, जिनमें से अधिकांश की स्थिति वर्तमान में खराब हो चुकी है। इन पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम ने कदम उठाए हैं। शुरुआत में 5.30 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जिससे 6 प्रमुख पार्कों का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा।



इसके साथ ही नगर निगम दो नए पार्कों के निर्माण की योजना बना रहा है। जिसके तहत रजत पार्क और साइंस पार्क बनाए जाएंगे। इन दोनों पार्कों के लिए डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी है। रजत पार्क के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है, जबकि साइंस पार्क के लिए भी भूमि चयनित कर शासन को आगे की कार्यवाही के लिए भेजा गया है।

इन परियोजनाओं पर कार्यदायी संस्था के रूप में पेयजल निगम कार्य करेगा। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि शहर के प्रमुख पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसके तहत शुरुआती चरण में 5.30 करोड़ के बजट से 5 पार्कों की हालत सुधारी जाएगी। इसके बाद बजट मिलने पर अन्य पार्कों में भी कार्य किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शहर के अधिकांश पार्कों की हालत वर्तमान में खराब है। लंबे समय से इन पार्कों के सौंदर्यीकरण किए जाने की मांग उठाई जा रही थी। जिस पर नगर निगम ने सभी प्रमुख पार्कों को ठीक करने की योजना बनाई है। जिसके तहत पार्कों को विकसित किया जाएगा।

#### देखरेख के अभाव में होते हैं बदहाल

**हल्द्वानी :** शहर में पार्कों का निर्माण तो कर दिया गया है। लेकिन यह देखा गया कि देखरेख के अभाव में पार्क बदहाली का शिकार हो गए। पूर्व में नगर निगम की ओर से पार्कों की देखरेख की जिम्मेदारी निजी संस्था को देने की योजना बनाई गई थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

# स्वैप योजना के कर्मियों ने मांगा समान वेतन

- कर्मचारियों ने जल संस्थान में दिया धरना
- सरकार पर लगाया उनके साथ भेदभाव का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** स्वैप योजना में काम करने वाले कर्मचारियों ने समान काम के लिए समान वेतन की मांग के साथ जल संस्थान कार्यालय में धरना दिया। कर्मचारियों ने कहा कि उनसे सभी तरह के काम कराए जा रहे हैं लेकिन उन्हें केवल पांच हजार माहवार वेतन दिया जा रहा है।

धरने पर डटे कर्मचारियों ने कहा कि विभागीय प्रबंधन को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की जा चुकी है इसके बावजूद कभी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। कर्मचारियों को कम वेतन की वजह से आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार चलाने तक में दिक्कत आ रही है। कहा कि केवल स्वैप योजना में बनीं पेयजल योजनाओं में काम करने वाले कर्मियों के साथ ऐसा है जबकि अन्य कर्मचारियों को तीन गुना अधिक वेतन दिया जा रहा है। इस दौरान खुशाल सिंह, श्याम पपनै, भवान संभल, हरविंद्र सिंह, मोहन पांडे, टीकम सिंह, घनश्याम, हेम भट्ट, मोहन मेहरा, खिलेश भट्ट, रोहित कुमार, बलवंत सिंह, ललित आर्या, राजराम थे।

# काफल ने हमें बहुत दिया, उसे थैंक्यू बोलोः रावत

### पूर्व सीएम हरीश रावत ने आयोजित की थैंक्यू काफल पार्टी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई बड़े नेता पहुंचे



कालाढूंगी रोड स्थित स्थित बैंक्वेट हाल में थैंक्यू काफल पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को काफल देते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह कुंजवाल।



कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पीलीकोठी चौराहा के पास एक बैंक्वेट हॉल में पूर्व सीएम हरीश रावत की थैंक्यू काफल पार्टी आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व सैनिकों के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। कांग्रेसी वक्ताओं ने स्थानीय उत्पादों के लिए बेहतर बाजार बनाने की बात पर जोर दिया। साथ ही काफल को प्रदेश की तरक्की के लिए अहम पेड़ बताया।

पूर्व सीएम रावत ने अपने संबोधन में कहा कि काफल राज्य की ग्रामीण आर्थिकी से जुड़ा फल है। इस बार देहरादून में काफल 600 रुपये किलो बिका। आप अगर एक किलो काफल खरीदते हैं तो राज्य में पलायन रोकने में अपनी भी एक छोटी सी भूमिका निभाते हैं। कहा कि बांज के बाद पहाड़ों के लिए सबसे अच्छा पेड़ काफल का ही है। अब काफल का सीजन जाने वाला है। इसलिए हम सबको काफल को थैंक्यू बोलना चाहिए। कहा कि हमें कोशिश करनी चाहिए कि अगले साल काफल कनाट प्लेस में भी बिके।

#### पूर्व सैनिकों और वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

**हल्द्वानी :** कांग्रेस ने कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया। पूर्व सीएम हरीश रावत समेत अन्य कांग्रेसियों ने जसराम, दीवान राम, जगदीश प्रसाद, पूरन सिंह अधिकारी, गणेश दत्त जोशी, मोहन सिंह भंडारी, आन सिंह धामी, गगन सिंह, लक्ष्मण नैनवाल, इंद्र सिंह, प्रकाश चंद्र मिश्रा आदि पूर्व सैनिकों का सम्मान किया। रामनगर नगर पालिकाध्यक्ष मो. अकरम ने बेड़ू पाको बारा मासा गीत गाया तो सब झूम उठे।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पहाड़ के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन सराहनीय है।

कहा कि जंगली फलों को अगर अच्छा बाजार मिले तो ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की आजीविका में काफी सुधार होगा। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य में अनुशासन के साथ कांग्रेसियों को एकजुट रहने के लिए कहा है। इस समय राज्य में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है और कांग्रेस एकजुट होकर अगला विधानसभा लड़े तो राज्य में सत्ता परिवर्तन तय है। धारचूला विधायक हरीश धामी ने भी कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही उन्होंने भाजपा में जाने की अटकलों पर विराम लगाया। कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र का विकास चाहता हूं। कार्यक्रम का संचालन आनंद सिंह रावत ने किया। इस दौरान अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, खजान चंद्र गुड्डू, भोलादत्त भट्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, तारादत्त पांडे, राहुल सोनकर, राधा आर्य, हरेंद्र क्वीरा आदि थे।

# पीआरडी जवानों को अप्रैल से नहीं मिला मानदेय

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** नैनीताल जिले में पीआरडी के जवानों का मानदेय अभी तक नहीं आया है। इस वजह से जवान परेशान हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होने की वजह से ऐसा होता है। शीघ्र ही मानदेय जारी हो जाएगा।

पीआरडी जवान सुरक्षा, यातायात कंट्रोल से लेकर अन्य बहुत से कामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय खेलों में पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगी थी। हल्द्वानी की ही बात करें तो बेस अस्पताल, महिला अस्पताल, ब्लॉक कार्यालय, तहसील, अन्य प्रशासनिक कार्यालयों के साथ ही पुलिस बल में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इन पीआरडी जवानों को अप्रैल से अभी तक मानदेय नहीं मिला है। पूरे प्रदेश की बात करें तो राज्य में करीब 9400 पीआरडी जवान अपनी सेवाएं देते हैं। एक पीआरडी जवान को एक दिन 650 रुपये मानदेय मिलता है। कम मानेदय की वजह से पीआरडी जवान पहले से ही दिक्कतों में हैं अब मानदेय नहीं आने की वजह से वह और भी परेशान हैं। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी प्रतीक चंद्र जोशी ने बताया कि शीघ्र ही मानदेय की समस्या का समाधान हो जाएगा।

## सार-संक्षेप



हैड़ाखान में पितृभवन का लोकार्पण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### हैड़ाखान मंदिर परिसर में पितृभवन का लोकार्पण

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत व नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शुक्रवार को कठघरिया स्थित हैड़ाखान में नवनिर्मित पितृ तर्पण भवन का लोकार्पण किया। विधायक भगत ने कहा कि इस भवन के निर्माण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्हें पितृों के तर्पण को आठ-10 किमी दूर जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हें क्षेत्र में ही श्राद्ध कर्म के लिए स्थान उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने भवन निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपये देने पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेश जोशी व महेश कांडपाल का आभार जताया। मंदिर समिति अध्यक्ष खुशाल चंद ने विधायक का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, संदीप सनवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद तोलिया एवं महेश शर्मा, कमलनयन जोशी, प्रकाश पटवाल, बसंती राणा, सरिता जोशी, मुकेश सुयाल, नवीन पंत, दिनेश सुयाल, सुरेश गौड़ रहे।



पीलीकोठी स्थित भूमिया देवी मंदिर प्रांगण में पौधरोपण करतीं कंचन कश्यप व अन्य।

### आसपास का क्षेत्र प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील

**हल्द्वानी :** राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने पीलीकोठी स्थित भूमिया देवी मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया। उन्होंने औषधीय और फलदार प्रजातियों के पौधे रोपे तथा मंदिर परिसर में सफाई भी की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जागरूक नागरिक बनें और आस-पास के क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाएं। मानसून सीजन में प्लास्टिक कचरे के कारण नालियों के चोक होने से सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। इस मौके पर कवि गोविंद कश्यप वीरा ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविताएं सुनाईं।



एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान करते प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीआर पंत। ● अमृत विचार

### प्रभारी प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स को दी रैंक

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को 24 यूके गर्ल्स बटालियन की ओर से रैंक सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीआर पंत और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा ने एनसीसी के गर्ल्स कैडेट को रैंक प्रदान की, जिसमें अंडर ऑफिसर की रैंक कैडेट रिया बिष्ट, अंजलि बिष्ट, दिव्यांशी, सार्जेंट शोभा गंगोला, उर्मिला परिहार और अर्चिता आर्य को रैंक प्रदान की गई। प्रो. बीआर पंत ने कैडेट्स को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और एनसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में 24 यूके गर्ल्स बटालियन के लेफ्टिनेंट डॉ. विनय चंद्र ने उत्कृष्ट कार्य के लिए कैडेट्स का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में पूर्व कैडेट मृणाल बोरा, मानसी जोशी, अनुश्रुति, रीमा प्रजापति, साक्षी, पिंकी मटियाली, डिंपल, वंदना मेवाड़ी, अंजलि, अर्चिता, सौम्या, मनीष, पूजा, दीपशिखा, दिव्यांशी, नीतू मेहरा, रिया, गौरी, तोशीबा, रेनू, हिमानी, दिक्षा, मोहिनी, शवेता आदि ने प्रतिभाग किया।




भोटिया पड़ाव स्थित टैक्सी स्टैंड में वाटर एटीएम का उद्घाटन करते मेयर बिष्ट।

### मेयर ने वाटर एटीएम का किया उद्घाटन

**हल्द्वानी :** भोटिया पड़ाव स्थित टैक्सी स्टैंड में नगर निगम की ओर से वाटर एटीएम लगाया है। जिसका उद्घाटन मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। सार्वजनिक वाटर एटीएम लगने से आम जनता को राहत मिलेगी। गर्मियों के दौरान लोगों को 5 रुपए में सिक्का डालकर 1 लीटर और 10 रुपए में दो लीटर पानी उपलब्ध होगा। मशीन की मदद से लोग आसानी से अपनी जरुरत के अनुसार सस्ती दरों में पानी खरीद सकेंगे। इस दौरान टैक्सी यूनियन से महेश पांडे, मनोज भट्ट आदि मौजूद रहे। टैक्सी यूनियन ने पूर्व में यहां वाटर कूलर लगाने की मांग की थी।



आरएसएस की ओर से आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवी।

#### संघ शिक्षा वर्ग का भव्य पथ संचलन, 500 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से आयोजित 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में शालेय विद्यार्थियों के लिए विशेष पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ के द्वितीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित पथ संचलन में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो एपीएस स्कूल लामाचौड़ और घोष वर्ग एमआईईटी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में वर्गाधिकारी शिवराज, कार्यवाह आशीष ओबराय, वर्ग पालक संजय, विभाग प्रचारक इन्द्र मोहन, व्यवस्था प्रबंधक यशपाल बिष्ट, सह प्रबंधक प्रदीप जनौटी और जिला कार्यवाहक राहुल जोशी समेत 150 स्वयंसेवक सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इस मौके पर नगर प्रचार प्रमुख डॉ. नवीन शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण वर्ग विद्यार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाएगा। संघ शिक्षा वर्ग के माध्यम से ये प्रशिक्षणार्थी पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक होंगे।

## आज होंगे बैडमिंटन के सेमीफाइनल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर के मिनी स्टेडियम में शुक्रवार को उत्तराखंड ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयुवर्ग की श्रेणियों में मैच खेले गए।

अंडर-11 में बालक-बालिका वर्ग सिंगल और डबल्स की प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें अंडर- 11 बालक वर्ग में हल्द्वानी के वेद प्रकाश, अंडर 13 में आदविक शाह और मनोज रावत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। साथ ही बालिका वर्ग के अंडर-11 श्रेणी में हिताशी सुयाल, नरेंद्र भट्ट और वन्निका पंत ने सेमीफाइनल में अपनी-अपनी जगह पक्की की। सभी सेमीफाइनल मैच आज (शनिवार) खेले जाएंगे। जबकि फाइनल मैच कल (रविवार) को खेले जाएंगे। इस दौरान पूर्व राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्मय रावत, रेफरी आयुष कार्की, सोना जोशी, सुमित सिंह, हर्षित पांडे रहे।

# श्याम संकीर्तन महोत्सव पर आज निकालेगी भव्य निशान यात्रा

- शाम को कलाकार देंगे सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां
- भजन गायक कन्हैया मित्तल करेंगे श्याम भक्ति का गुणगान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की ओर से आज एमबी इंटर कॉलेज मैदान में तृतीय महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

शुक्रवार को हुई प्रेस वार्ता में आयोजकों अंकित पाल व वैभव गुप्ता ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ श्री लटूरिया बाबा आश्रम से निशान यात्रा के साथ होगा। यात्रा सुबह छह बजे आश्रम से शुरू होगी और कालाढूंगी चौराहा होते हुए मुखानी स्थित खाटू श्याम मंदिर से होते हुए एमबी इंटर कॉलेज मैदान में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि शाम 7 बजे से भव्य श्याम संकीर्तन महोत्सव होगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल, विवेक शर्मा और परविंदर पलक श्याम भक्ति की महिमा का गुणगान करेंगे एवं भजनों से श्याम भक्तों को भक्ति भाव से सराबोर करेंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। उन्होंने आमजन से महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। इसदौरान संजीव कश्यप, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, कमल पाल, रामू गुप्ता, राहुल भट्ट, पिंकू गुप्ता, राजू प्रजापति, अनिल पाल थे।




श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर पत्रकारों से वार्ता करते संस्था के पदाधिकारी।

## खेल-खिलाड़ी

### मैन ऑफ द मैच बने अथर्व अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज वैभव मेहरा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज व मैन ऑफ द सीरीज रहे हर्षित पडियार

# जीएनजी को हरा डीके स्पोर्ट्स बनी अंडर-16 की चैंपियन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर 16 बालक जिला क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में डीके स्पोर्ट्स ने जीएनजी को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

शुक्रवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना के मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 168 रन ही बना सकी। टीम के लिए हर्षित पडियार ने 45 रन बनाए, शिवांश कांडपाल ने 44, इशांत ने 24 और ऋषभ सिंह राठौर ने 17 रनों का योगदान दिया। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज लव आर्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3, तन्मय सुनल ने 2 और देवांग नेगी ने 1 विकेट लिया। डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 32 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीत लिया। टीम के लिए बल्लेबाज अथर्व अग्रवाल ने 79, ईशान जोशी ने 24 और शिवांगराज शर्मा ने 23 रनों का योगदान दिया।




मुख्य अतिथि व पदाधिकारियों के साथ जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 की विजेता टीम। ● अमृत विचार

जीएनजी के गेंदबाज हर्षित पडियार ने 3, देव सिंह बिष्ट और वेदांत यादव ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अथर्व अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज वैभव मेहरा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मैन ऑफ द सीरीज हर्षित पडियार रहे। मैच के अंपायर हिमांशु चतुर्वेदी व विनय जोशी और स्कोरर हरप्रीत सिंह रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जगमीत सिंह और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता रॉकी बृजवासी ने दोनों ही टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, मनोज शर्मा, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गायेल जगमोहन सिंह बगड़वाल, संजय चौधरी, सुनील साह, बीएल साह, किशन अनेरिया, लीला कांडपाल, मनोज भट्ट, विजय आर्या, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हल्द्वानीः** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कमलुवागांजा स्थित कार्यालय में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप जलाकर की । काव्य गोष्ठी में कवि भुवनेश कुमार 'विराट', योगेश बहुगुणा, मनीष पंत, डा. भगवती पनेरू, मीना अरोरा, अमृता पांडे, और बीना भट्ट ने भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर आधारित रचनाएं पेश कीं। संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने सभी कवि और कवयित्रियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र प्रसाद महतोलिया, दर्जा राज्यमंत्री महेश शर्मा, मोहन चंद्र जोशी सचिव विद्या जोशी, उप सचिव अंजू पांडे, मीडिया प्रभारी कविता तिवारी, सह मीडिया प्रभारी रमा पांडे, संरक्षक नीरज बोरा, संयुक्त सचिव शशि जोशी सहित कई लोग रहे।

# पहेनियां में ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में उतरे ग्रामीण

## ग्रामीणों ने किया उपजिलाधिकारी का घेराव, कूड़ा वाहनों को लौटाया, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन


एसडीएम के समक्ष विरोध जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार


ट्रंचिंग ग्राउंड में पड़ा कचरा। ● अमृत विचार

आक्रोश

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पहेनियां और सुजिया महोलिया सीमा पर नगर पालिका के अस्थायी ट्रंचिंग ग्राउंड को लेकर कई गांव के लोगों ने पहुंचकर जमकर विरोध किया। पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। बाद में पहुंचे उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट का ग्रामीणों ने घेराव किया।

ट्रंचिंग ग्राउंड को लेकर शुक्रवार को पहेनियां, सुजिया महोलिया, कुमरहा के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध किया और ट्रंचिंग ग्राउंड को तत्काल हटाने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा।

आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची टीम को जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा कि नगर पालिका का कूड़ा उनकी कृषि योग्य भूमि को बंजर बनाने लगा है। ग्रामीणों ने कहा कि अस्पतालों की सीरिंज, सादे कपड़े प्लास्टिक आदि तमाम कचरा उनकी परेशानी का कारण बन चुका है। उनके लगातार प्रयास के बाद भी इस स्थान से अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड नहीं हटाया जा रहा है। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम बिष्ट का ग्रामीण महिलाओं ने घेराव किया और यहां से ट्रंचिंग ग्राउंड हटाने की मांग की।

आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे कूड़ा वाहनों को लौटा दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम बिष्ट ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य बनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा और एसडीएम बिष्ट ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ग्राम प्रधान संजीत सिंह राणा ने बताया कि गत वर्ष डाले जा रहे कूड़े का ग्रामीणों ने विरोध किया था तब उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। जिसके विरोध में जनजाति आयोग अध्यक्ष लीलावती राणा, पूर्व प्रधान महातम मौर्य, भुवन राणा ने भी ग्रामीणों के साथ ट्रचिंग ग्राउंड का विरोध किया।

इस अवसर पर मनीष पंत, रजिस्टर कानूनगो ऋषि पाल, राजकुमार, राजस्व उप निरीक्षक, संजय कुमार, अनिल कुमार, ग्रामीणों में रामनाथ, गुरप्रीत सिंह, रामदास सिंह, अविनाश, बलदेव सिंह बिल्ला, शिवराज बोरा, सुभाष सिंह, त्रिलोचन, कृष्णा, लवली, नरेंद्र, उमेश सिंह, हरिओम, रवि, पंकज, मनोज, कमला देवी, सुमित्रा, शिव कुमारी, छोटी देवी, सोनम, श्यामा देवी, उर्मिला, बांधू सिंह आदि मौजूद रहे।

## हादसे का आरोपी डंपर चालक धरा

**किच्छा:** करीब 6 माह पूर्व पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में हुई डंपर की टक्कर से हुई सड़क दुर्घटना के मामले में फरार चल रहे डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी डंपर चालक की पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक लंबे समय से फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि विगत 11 दिसंबर 2024 को ग्राम सीकरी, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी कुसमा देवी पत्नी राजेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र सूरजपाल अपनी पत्नी आरती देवी एवं नाबालिग पुत्र कुनाल के साथ बाइक से घर से रुद्रपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान दरऊ चौक के निकट पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे डंपर चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दंपती तथा नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने कुनाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि पीड़िता की पुत्रवधू एवं पुत्र को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जांच में सामने आया कि डंपर को वार्ड नंबर 18, थाना बिदासर, जिला चुरु, राजस्थान निवासी प्रकाश चंद यादव चला रहा था। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में अपर उप निरीक्षक प्रताप सुयाल की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उपनिरीक्षक लाइन हाजिर दो कांस्टेबल किए निलंबित

- एक सिपाही का दिनेशपुर थाने में स्थानांतरण
- पुलिस कर्मियों के साथ हुई मारपीट प्रकरण में कार्रवाई

संवाददाता, बाजपुर




**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सरकड़ी के अंतर्गत गांव विधि का मझरा में पुलिस कर्मियों के साथ हुई मारपीट प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। एसएसपी ने विभागीय जांच के उपरांत सामने आए तथ्यों के आधार पर सख्त रुख अपनाते हुए उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा को लाइन हाजिर करने के साथ ही दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है, जबकि एक कांस्टेबल का स्थानांतरण दिनेशपुर थाने में किया गया है।

केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत विधि का मझरा में कूड़ा डालने को लेकर पिछले करीब डेढ़ वर्ष से चल रहे विवाद में मारपीट की सूचना पर तीन जून की रात पुलिस टीम आरोपी बनवारी लाल के घर पर पहुंची थी। आरोप है कि वहां बनवारी लाल के परिजनों ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर दी थी। इस मामले में एसआई देवेंद्र सिंह राजपूत की ओर से 9 लोगों को नामजद करवाते हुए प्राथमिकी पंजीकृत की थी, जबकि बनवारी लाल की ओर से भी एसएसपी को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर पुलिस कर्मियों पर बिना वारंट अचानक जबरन घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाया था। वहीं विभागीय जांच में पुलिस टीम की कुछ लापरवाही सामने आई। बताया जाता है कि जांच में यह बात सामने आई कि मौके पर गई टीम द्वारा स्थानीय थानाध्यक्ष, सीओ एवं अन्य उच्चाधिकारियों को भी दबिश की जानकारी नहीं दी गई थी, जबकि रात्रि में इस तरह के मामलों में सुरक्षा की दृष्टि से उच्चाधिकारियों को जानकारी देना जरूरी है। सीओ विभव सैनी ने बताया कि पुलिस टीम की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एसआई संजय सिंह बोरा को लाइन हाजिर एवं कांस्टेबल दिनेश धपोला व संजीव कुमार को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा कांस्टेबल महेंद्र सिंह को दिनेशपुर स्थानांतरित कर दिया गया है।

# ठेला व्यवसायियों को हटाने से रोष

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपते लघु व्यवसायी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा बाजार में लगने वाले फड़-ठेला व्यवसायियों को हटाए जाने से आक्रोशित फड़-ठेला व्यवसायियों ने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रेम सिंह यादव की अगुवाई में एसडीएम डा.अमृता शर्मा का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे फड़ ठेला व्यवसायियों ने एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा से मुलाकात कर उन्हें हटाए जाने से पूर्व एक जगह चयनित कर दिए जाने का अनुरोध किया। जिस पर एसडीएम ने ईओ मनोज कुमार दास को फड़-ठेला व्यवसायियों की व्यवस्था करने व उनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही फड़-ठेला व्यवसायियों से दैनिक तहबाजारी करने वाले ठेकेदार द्वारा रसीद न देने की शिकायत पर उसका स्पष्टीकरण लेने को कहा गया। एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा ने नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों के आगे सामान न फैलाएं और ना ही अपने वाहनों को खड़ा करें। ज्ञापन देने वालों में प्रेम सिंह यादव के साथ ही गोबरधन चंद्रा, अभिषेक कश्यप, राजू चंद्रा, चंदन सक्सेना, सोहन लाल, राजेंद्र, मुकेश, मेघराज, मोहन, लईक, भोलेनाथ, दौलतराम, जयप्रकाश, रियासत, विनोद शर्मा, गेंदाराम, ओमप्रकाश, राजपाल कश्यप, विकास सैनी, कृष्णा कश्यप, मनोज, प्रीतम, शंकर, रामू आदि शामिल रहे।

## होटल मालिक ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** आवास विकास निवासी सतेन्द्र शर्मा ने कोवताली रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि उसके घर के पास में एक होटल है तथा उसमें सैक्स रैकेट का धंधा कई वर्षों से चलता आ रहा है। कहा कि कई बार पुलिस इस होटल में छापेमारी कर चुकी है। कहा कि इस होटल में वेश्यावृत्ति का धंधा चलने से क्षेत्र व आसपास का माहौल खराब होता रहा है। उसने व मोहल्लेवासियों ने कई बार होटल स्वामी जसपुर निवासी प्रकाश को वेश्यावृत्ति का धंधा बंद करने के लिये समझाया गया लेकिन वह धमकी देता है। आरोप लगाया कि एक जून 2025 की रात्रि के लगभग साढ़े नो बजे वह आवास विकास मोड से अपनी माता के लिये आइसक्रीम खरीद रहा था, तभी होटल में एक अज्ञात युवक और युवती आये। जब उसने इसका विरोध किया तो होटल मैनेजर प्रकाश उसे गालियां देने लगा। आरोपी प्रकाश ने पीछे से उसके ऊपर धारदार फावड़ी से प्रहार कर दिया जिससे उसके बांये हाथ की हड्डी तीन जगह से टूट गयी।

# पहाड़गंज में विवादित मस्जिद की हटाई शटरिंग

संवाददाता, रुद्रपुर


कार्रवाई के दौरान लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वर्ष 2007 से पहाड़गंज की विवादित मस्जिद पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण के आदेश पर नगर निगम की टीम ने निर्माणाधीन धार्मिक स्थल का शटरिंग हटा दिया और 15 दिन के अंदर खुद ही ध्वस्त किए जाने का आदेश भी दिया है। जिसको लेकर प्राधिकरण के बाद निगम ने भी नोटिस जारी कर दिया है।

पहाड़गंज में वर्ष 2007 से अवैध तरीके से मस्जिद निर्माण का विवाद चल रहा है। जिसको लेकर कई बार सांप्रदायिक तनाव भी पैदा हो चुका है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद कुछ साल तक विवाद शांत रहा, लेकिन कुछ दिन पहले ही हिंदूवादी संगठनों ने प्राधिकरण को पुनःमस्जिद का निर्माण होने की शिकायत दर्ज की और विधायक शिव अरोरा ने भी प्राधिकरण से वार्ता कर कार्रवाई की बात कही थी। शुक्रवार को नगर निगम के जेई विनीत कुमार अपनी टीम के साथ पहाड़गंज पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाया और शटरिंग को हटा दिया। कार्रवाई की भनक लगते ही समुदाय की भीड़ भी एकत्रित हो गई, जबकि कब्जा धारक आयुब का कहना था कि भूमि उसके नाम पर दर्ज है और वह अपनी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण करवा सकता है, लेकिन बेवजह लैंड जिहाद का नाम लेकर माहौल खराब किए जाने की कोशिश हो रही। वहीं निगम की टीम ने कब्जा धारक को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया कि पूरे निर्माण को खुद ध्वस्त कर दे अन्यथा जेसीबी द्वारा तोड़ा जाएगा।

## दुकान पर काम करने के लिए गया युवक लापता

**बाजपुर :** घर से दुकान पर काम करने के लिए गया युवक दोपहर बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो मां ने कोतवाली में गुमशुदगी तहरीर दे दी है। वार्ड-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी शीला देवी पत्नी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि चार जून को उनका 27 वर्षीय बेटा अभिषेक सिंह एक इलेक्ट्रानिक की दुकान पर काम करने गया था। पीड़िता के अनुसार दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे वह बिना बताए कहीं चला गया, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल रहा है, जबकि उसकी जान-पहचान एवं रिशतेदारी आदि में काफी तलाश कर ली है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

सूचना
मैंने अपने छोटे पुत्र रघुवीर को उसकी गलत संगत एवं परिवारजनों से अभद्र आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में रघुवीर के किसी कृत्य एवं लेन-देन से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। **रूप चन्द्र पुत्र मोहन लाल, ग्राम एवं पोस्ट भंगा, थाना पुलभट्टा, तह. किच्छा, जिला उ. सि. नगर**

सूचना
मैं अंकित कुमार, निवासी मौ. जुलाहान, जसपुर, द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पास श्री नवनीत चौहान द्वारा श्री रामरूप अग्रवाल से दिनांक 20/05/2015 को खरीदी गई दुकान की मूल रजिस्ट्री थी, जो अब गुम हो गई है। यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज मिले तो कृपया संपर्क करें: 7500497979

# वैज्ञानिक विधि से खेती करने की सलाह

संवाददाता, पंतनगर


कार्यक्रम में कृषकों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकसित भारत संकल्प यात्रा 2025 के तहत चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने खटीमा एवं नानकमत्ता ब्लॉक के तीन गांव बिगराबाग, बिछुवा और नदन्ना में किसानों एवं ग्रामीणों के साथ संवाद किया।

शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.बीडी सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने फसल चक्र, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीक और फसल विविधीकरण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बीज सामग्री के माध्यम से निरंतर सहयोग करता रहेगा। कृषि संचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अर्पिता शर्मा कांडपाल ने ग्रामीण महिलाओं की कृषि क्षेत्र में भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं कृषि में उद्यमिता के साथ आगे आएं तो इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग की प्राध्यापक डॉ.स्वाति ने किसानों को उन्नत बीज किस्मों, बीज उत्पादन, एवं पादप प्रजनन की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है और किसान बेहतर लाभ कमा सकते हैं।

कार्यक्रम विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी विधि उपाध्याय, विभागीय समन्वयक कुंदन सिंह मनोला आदि उपस्थित रहे।

## प्लॉट को जाने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग

**बाजपुर :** क्रय की गई भूमि को आने-जाने के लिए बने आठ फिट चौड़े रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर पीड़ित ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर बच्चों सहित अनशन एवं आत्मदाह की चेतावनी दी है।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी विनोद शर्मा ने एसडीएम कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने एवं भाई रोहताश शर्मा ने ग्राम मुड़िया कलां में भूमि क्रय की थी जिसमें 8 नवंबर 2024 को अलग-अलग बैनामा पंजीकृत करवाया गया था। बैनामा के दौरान विक्रेता ने आश्वासन दिया था कि वह आठ फिट का रास्ता देगा, जोकि बैनामे में भी दर्शाया गया है। आरोप है कि अब विक्रेता उन्हें रास्ता देने से साफ इन्कार कर रहा है। पीड़ित के अनुसार उसने 21 मई 2025 एवं 31 मई को एसडीएम कार्यालय एवं कोतवाली में शिकायत की थी, जिसके चलते संबंधित अधिकारियों की टीम ने मौका-मुआयना भी किया, लेकिन आरोपितों ने रास्ता देने से साफ इन्कार कर दिया।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को मिला अपना कार्यालय

- एसएसपी ने फीता काटकर किया समर्पित
- अधीनस्थों को बेहतर पुलिसिंग का दिया आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर


एएनटीएफ कार्यालय का उद्घाटन करते एसएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पिछले लंबे समय से अस्थाई कार्यालय में कार्य कर रही एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को आखिरकार अपना स्थाई कार्यालय मिल ही गया। जिसका एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने अधीनस्थों को आदेशित किया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए बेहतर पुलिसिंग का परिचय दें और कार्यालय के माध्यम से रोकथाम की पहल करें।

शुक्रवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि एएनटीएफ का नया कार्यालय बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित है। अब कार्यालय मिल जाने के बाद एएनटीएफ को कार्य करने में भी सुविधा प्रदान होगी। उन्होंने आदेशित किया कि नशे के खिलाफ लड़ाई को अधिक दृढ़ता के साथ किया जाए और ताकि युवा पीढ़ी और समाज को नशे की दलदल से बचाया जा सके। इस मौके पर एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एएन टीएफ प्रभारी राजेश पांडेय, सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई नवीन बुधानी आदि मौजूद रहे।

लामबंद | पूर्व विधायक के साथ किया धरना प्रदर्शन, लोनिवि अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# सड़क निर्माण नहीं होने पर भड़के लघु व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर


लोनिवि अधिकारी को ज्ञापन देते लघु व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ट्रांजिट कैंप मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर भड़के लघु व्यापार मंडल ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ लोनिवि कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि जल्द ही मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और लघु व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप के अध्यक्ष संजीव गुप्ता सहित व्यापारी लोनिवि कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका कहना था कि झील से लेकर ट्रांजिट कैंप शिव नगर चामुंडा मंदिर तक एक किलोमीटर मुख्य सड़क के निर्माण की घोषणा हुई थी और उसका टेंडर भी हो चुका है, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जर्जर सड़क के कारण हादसों का ग्राफ बढ़ा है और आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण शुरू करने का मुद्दा उठाया और आगाह किया कि यदि जनता की समस्या की अनदेखी हुई तो लोनिवि कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर राम सिंह, गजेंद्र सिंह, कमल कुमार, विष्णु पद, धर्मवीर सिंह, मुकेश कुमार, कृष्ण अवतार, अनूप पंत, अवधेश कुमार, मोहित सोनकर आदि मौजूद रहे।

## तमंचा तानकर गल्ले से 14800 रुपये लूटे

**नानकमत्ता :** दिनदिहाड़े मोटर साइकिल सवार दो बदमाश दुकानदार की कनपटी पर तमंचा रखकर गल्ले से 14800 रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुनखरी कला निवासी पुष्पा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र कार्तिक अपनी परचून की दुकान पर बैठा था, तभी बाइक सवार दो बदमाश दुकान पर सामान लेने के बहाने आए। उन्होंने कोल्ड ड्रिंक और चिप्स खरीदे। मौका देखकर कार्तिक की कनपटी पर तमंचा तानकर गल्ले में रखे 14800 रुपये लूट ले गए।

# अपराध में भाजपा नेताओं की संलिप्तता चिंताजनक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष ने कहा है कि राज्य में विगत कुछ समय से महिलाओं एवं नाबालिगों से बलात्कार एवं हत्या जैसे जघन्य अपराध की घटनाओं की बाढ़ जैसी आई है। उन्होंने कहा कि बलात्कार एवं हत्या के मामले में भाजपा नेताओं की संलिप्तता राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शुक्रवार को महानगर काशीपुर जिले के अध्यक्ष मुसर्रफ हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के शासन में हरिद्वार में भाजपा मोर्चा की पदाधिकारी द्वारा अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी से सामूहिक दुष्कर्म कराने का मामला मानवता को शर्मसार करने वाला है।

अंकिता भंडारी से लेकर हेमा नेगी, पिंकी हत्या कांड, चंपावत में नाबालिग से बलात्कार, मंगलौर में सामूहिक दुष्कर्म, श्रीनगर में युवती से बलात्कार का प्रयास, द्वाराहाट में नाबालिग दलित युवती से बलात्कार, देहरादून में महिला को बंधक बना कर दुष्कर्म, रुद्रपुर में नर्स की बलात्कार के बाद हत्या, देहरादून आईएसबीटी में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाएं मानवता तथा देवभूमि की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटनाएं हैं। मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार महिला अपराध की इन घटनाओं को रोकने के बजाय इस प्रकार के अपराध करने वालों की संरक्षक बनी हुई है।

## एक नजर

### 11 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर :** गश्त के दौरान पुलिस ने दो लोगों को 11 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा थाने में तैनात एसआई अर्जुन सिंह और एसआई जगत सिंह शाही टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान नील कंठ कालोनी के रस्ते पर उनको एक संदिग्ध कार दिखाई दी। जिसकी तलाशी लेने पर कार से 11 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसके बाद टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम संजय निवासी शर्मा राइस मिल के पास गढ़ीनेगी, दूसरे ने अपना नाम सुनील कुमार निवासी गढ़ीनेगी बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

### खोए हुए 14 मोबाइल बरामद किए

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने लोगों के खोए हुए 14 मोबाइल फोन बरामद किये। साथ ही उनको संबंधित लोगों के सुपुर्द किया गया। जहां लोगों के चेहरे पर मोबाइल मिलने के बाद खुशी दिखाई दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र के द्वारा सभी थाना प्रभारी को आदेश दिया गया है कि वह सीर पोर्टल के माध्यम से खोए हुए मोबाइलों को बरामद कर संबंधित लोगों को वापस करें। इसी के चलते आईटीआई थाने में तैनात हेड कांस्टेबल हेमचंद्र व कांस्टेबल मुरली पांडे ने रोजानाअलग-अलग समय पर खोए हुए 14 मोबाइलों को पुलिस के द्वारा बरामद किया। गुरुवार को आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन रौतेला के द्वारा संबंधित लोगों के मोबाइल फोन उनकी सुपुर्दगी में दिए गए।

### रास्ते में घेरकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप

**बाजपुर :** तीन अज्ञात व्यक्तियों पर रास्ते में घेरकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगा पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम दियोहरी नमूना निवासी अमन ने पुलिस को बताया कि उसने रामराज रोड स्थित ग्राम एनएनटोपा में सर्विस स्टेशन खोल रखा है। 27 मई को सर्विस स्टेशन पर आए गांव के ही एक युवक ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज कर दी थी और मारपीट पर उतारू हो गया था उस समय तो कुछ लोगों ने मामला रफादफा करवा दिया। पांच जून की देर रात करीब आठ बजे वह अपने सर्विस स्टेशन से ई-रिक्शा में घर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच नैनीताल स्टेट हाईवे पर एक स्कूल के पास मुंह पर कपड़ा ढके तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया और ई-रिक्शा से जबरन बाहर निकालकर जमीन पर घसीटते हुए हमलावर हो गए। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

### पंतनगर एयरपोर्ट पर हुआ मॉक ड्रिल, डीजीसीए के आदेश पर आग लगने की घटना का किया पूर्वाभ्यास

# धधक उठा एयरपोर्ट, फायर फाइटर ने पाया काबू



बचाव कार्य करते राहत दल। ● अमृत विचार



आग बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** पंतनगर एयरपोर्ट में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एयरपोर्ट पर अचानक अग्निकांड की सूचना पर दमकल सहित बचाव पार्टियां घटनास्थल पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और फंसे लोगों का रेस्क्यू किया। थोड़ी देर बाद लोगों को एहसास हुआ कि पंतनगर एयरपोर्ट पर अग्निकांड नहीं, बल्कि डीजीसीए के आदेश पर पूर्व अभ्यास किया गया है।

शुक्रवार की दोपहर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के आदेश पर राज्य प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्थानीय थाना पुलिस, सिटी फायर सर्विस, टाटा मोटर्स फायर सर्विस, अशोक लेलैंड फायर सर्विस, जिला अस्पताल से मेडिकल टीम जीबी पंत विश्वविद्यालय से मेडिकल टीम पंतनगर हवाई अड्डे परिसर में भीषण अग्निकांड की खबर पर पहुंची। पूर्वाभ्यास आपातकाल की घोषणा होने के बाद बेहतरीन ढंग से आग पर काबू पाया गया और फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया।

इस दौरान संयुक्त राहत दल ने यह जानने की कोशिश की, आपातकाल के वक्त कैसे आपसी सामंजस्य बनाये, घटनास्थल पर सबसे पहले किस रेस्क्यू पर कार्य करना, तत्काल कैसे घटनास्थल पहुंचे। ताकि जनहानि जैसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस मौके पर एसडीएम मनीष बिष्ट, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, एयरपोर्ट निदेशक मोनिका डेंबला, तहसीलदार दिनेश कुटेला, जिला आपदा अधिकारी उमा शंकर नेगी, अतिरिक्त सुपरिटेंडेंट आरडी मठपाल आदि मौजूद रहे।

# डंपर से कुचलकर महिला की मौत, दो युवक घायल

**संवाददाता, बाजपुर**



सूखी देवी।

**अमृत विचारः** कोसी कांटा चौराहा पर एक दुकान के सामने सड़क किनारे खड़ी बाइक को तेज रफ्तार डंपर चालक ने रौंद दिया। हादसे में डंपर से कुचलकर महिला की मृत्यु हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

बैलपड़ाव रामनगर नैनीताल निवासी सूखी देवी (65) पत्नी कलुआ ग्राम रामजीवनपुर में अपने मायके में आई थी जिसे शुक्रवार की प्रातः करीब 6 बजे रवि (35) पुत्र दयाराम व बुढ़ानपुर अलीगंज मुरादाबाद उप्र निवासी अमित (20) पुत्र हुकुम बाइक से छोड़ने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि रामराज रोड स्थित कोसी कांटा चौराहे पर स्थित एक परचून की दुकान से कुछ सामान लेने के लिए बाइक रोकी। तीनों बाइक के पास में ही मौजूद थे कि इसी बीच वहां पहुंचे तेज रफ्तार डंपर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में डंपर से कुचलकर सूखी देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि रवि व अमित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई।

# सभी कार्यालय भवनों की 20 तक अस्थायी शिफ्टिंग कराने के निर्देश

### डीएम ने बैठक में दिए निर्देश, लोनिवि से मूल्यांकन कराकर भवनों को कराया जाए ध्वस्त

**एयरपोर्ट**

**संवाददाता, रुद्रपुर**



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को विस्तारीकरण की जद में आ रहे सभी कार्यालय भवनों को 20 जून तक अस्थाई शिफ्टिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के निरीक्षण को शीघ्र भारत सरकार की टीम आ रही है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की ओर से कार्यालय व आवासीय भवनों को शिफ्ट कर लिया गया है वे लोक निर्माण विभाग से मूल्यांकन कराकर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्यालय भवनों को शीघ्र ध्वस्त कराएं। उन्होंने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर शीघ्र भारत सरकार की टीम आ रही है।

इसलिए एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे कार्यालयों को विस्थापित करते हुए शीघ्र ध्वस्तीकरण कराएं। ओसी गौरव पांडेय ने बताया कि शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग ने शिफ्टिंग का कार्य करा लिया गया है। सीजीएम पंतनगर विश्वविद्यालय जयंत सिंह ने बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय के कार्यालय व आवासीय भवनों को खाली कराने की प्रक्रिया गतिमान है एवं ध्वस्तीकरण के लिए टेंडर कर लिया गया है।

#### ये अधिकारी रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी संचार आरडी मठपाल, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, एसीएमओ डॉ .डीपी सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी व महाप्रबंधक टीडीसी डॉ .अभय सक्सेना, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, ओसी गौरव पांडेय, सीजीएम पंतनगर विश्वविद्यालय जयंत सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, टीओ बॉयोटेक जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

#### शीघ्र शिफ्ट कराएं बायोटेक लैब

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने निदेशक बायोटेक को निर्देश दिये कि बायोटेक लैब को शीघ्र शिफ्ट कराएं। साथ ही कार्यालय भवन ध्वस्तीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से मूल्यांकन कराकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराएं।

# पड़ोसी की डांट से क्षुब्ध कक्षा पांच के छात्र ने लगाई फांसी

- किशोर की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम
- थाना ट्रांजिट कैंप की है घटना, जांच शुरू

**संवाददाता, रुद्रपुर**



ध्रुव (फाइल फोटो)।

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप में 12 वर्षीय कक्षा पांच के छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि किशोर को पड़ोसी ने डांट दिया था। जिसके बाद छात्र ने सुसाइड का कदम उठाया। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

वार्ड-9 निवासी अजय शर्मा अपने परिवार के साथ दोमंजिला मकान के ऊपर किराए पर रहता है, जबकि दंपती सिडकुल की एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की देर शाम को माता-पिता को सूचना मिली कि कक्षा पांच में पढ़ने वाले 12 वर्षीय बेटे ध्रुव ने चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। सूचना मिलते ही मां-पिता ड्यूटी छोड़कर घटनास्थल पहुंचे और देखा कि किशोर फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय भी पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारने के बाद घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक पड़ताल में यह पता चला कि देर शाम को पड़ोसी ने किसी बात पर किशोर ध्रुव को डांट फटकार लगाई थी। उसके बाद ही किशोर ने सुसाइड जैसा घातक कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सुसाइड प्रकरण की तफ्तीश भी शुरू कर दी है। बेटे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

उधर, प्रभारी थाना मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में किशोर द्वारा सुसाइड ही प्रतीक हो रहा है, लेकिन सुसाइड की वजह क्या था। पुलिस जांच कर रही है। साथ ही पड़ोसी से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

#### सोता रहा परिवार, मजदूर ने कर ली आत्महत्या




धर्मेंद्र (फाइल फोटो)।

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके के गांव शिमला पिस्तौर में उस वक्त एक परिवार में कोहराम मच गया, जब घर के मुखिया ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया कि जिस वक्त पूरा परिवार सो रहा था, उसी वक्त देर रात्रि मजदूर ने सुसाइड किया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शिमला पिस्तौर निवासी 36 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पत्नी व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था और दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम को धर्मेंद्र नशे की हालत में आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया, जबकि परिवार दूसरे कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार की तड़के जब कमरे में से कोई हलचल नहीं हुई तो उसकी पत्नी ने देखा कि पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी भी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि सुसाइड की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# पुलिस कार्यालय पहुंचा पीलीभीत का पीड़ित परिवार

**संवाददाता, रुद्रपुर**



एसएसपी को ज्ञापन देते पूर्व विधायक एवं पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दहेज हत्या के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीलीभीत यूपी से आए पीड़ित परिवार ने पूर्व विधायक के साथ एसएसपी से मुलाकात की और बेटी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। आरोप लगाया कि नामजद होने के बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

शुक्रवार को ज्ञापन देते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि नगरिया खुर्द पीलीभीत निवासी समीर मलिक की बेटी की शादी सितारगंज हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और दो जून को सूचना मिली कि उनकी बेटी मर चुकी है। उन्होंने बताया कि 3 जून को सितारगंज थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर ससुराल पक्ष के छह लोगों को नामजद किया था, लेकिन अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई। कई बार आग्रह के बाद भी पुलिस अनदेखी कर रही है। उन्होंने एसएसपी से नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया। एसएसपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस मौके पर सुब्रत विश्वास, गोविंद विश्वास, ओमप्रकाश मंडल, अजय सरकार, गोविंद मंडल, विमल मलिक, साहिबा विश्वास, गोपाल मंडल आदि मौजूद रहे।

### हादसे के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**काशीपुर :** सड़क पर टहल रहे व्यक्ति को बाइक की टक्कर लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रकाश हरमनी दढ़ियाल रोड निवासी रिंकू देवी ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति पुनीत रंजन सरण गुप्ता 9 मई 2025 की शाम करीब 7 बजे पैदल टहलने के लिए गये थे इस दौरान मोटर साईकिल सं. यूपी22बीबी-3538 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके के पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी तथा चालक मोटरसाइकिल मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। घटना में घायल पति को एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मोर्चा खोला**

### देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने प्रेस वार्ता में की पूर्व विधायक के बयान की निंदा

# सौंदर्यीकरण के लिए चौराहों का नामकरण किया जा रहा

**संवाददाता, काशीपुर**



प्रेस वार्ता करते अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय सौदा 'बन्नू'।

**अमृत विचारः** चौराहों के नामकरण के संबंध में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा द्वारा दिये गये बयान की शुक्रवार को देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ उत्तराखंड एवं अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तराखंड ने प्रेस वार्ता आयोजित कर निंदा की। एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ उत्तराखंड एवं अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय सौदा 'बन्नू' ने कहा कि नगर निगम महापौर दीपक बाली द्वारा काशीपुर के किये जा रहे चहुंमुखी विकास पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा जो बयान दे रहे हैं, वह उसकी घोर निंदा करते हैं। पूर्व विधायक चीमा कह रहे हैं कि काशीपुर के चौराहों का नाम बदला जा रहा है। जबकि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर के प्रमुख चौराहों का नामकरण किया जा रहा है। अजय सौदा 'बन्नू' ने कहा कि महापौर दीपक बाली द्वारा महज 60 दिनों में काशीपुर के 40 वार्डों में 60 करोड़ रुपये का कार्य कराया है। महापौर दीपक बाली के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार काशीपुर को विकास योजनाओं के लिए धन उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 859 पदों में मृतक परिवारों को नियुक्ति नहीं की जा रही थी, लेकिन महापौर दीपक बाली के प्रयास से मुख्यमंत्री द्वारा उक्त को कैबिनेट में पास कर मृत आश्रितों के लिए नौकरी का रास्ता खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि एनडी तिवारी के बाद अब दीपक बाली विकास पुत्र बनकर उभर रहे हैं। अजय सौदा 'बन्नू' ने कहा कि पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के विधायक बनते ही काशीपुर शुगर मिल बंद हो गई। सूर्या फैक्ट्री ठेके पर चली गई। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में काशीपुर का विकास नहीं, विनाश हुआ है। उनका बयान सरकार के विरोध में है और सरकार के काम में बाधक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पूर्व विधायक ने अपना बयान वापस नहीं लिया तो देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ काम बंद हड़ताल कर उनका जोरदार विरोध करेगा। प्रेस वार्ता में अनुज सौदा, मनोज पहलवान, बबलू चौहान, विनय चौधरी, विरेन्द्र मुल्तानी, रामकुमार मरदान, अजय, बादल खत्री आदि मौजूद थे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से । राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता ।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

**ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।**

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा । चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

**दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।**

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी , पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

**भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।**

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल मिले


खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गन्ना काश्तकार। ● अमृत विचार

**खटीमा :** क्षेत्र के गन्ना काश्तकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाने की मांग की। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। मुख्यमंत्री धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिष्ट को सौंपते हुए गन्ना काश्तकारों ने कहा कि गन्ने की बुआई से चीनी मिल तक गन्ने की सप्लाई का खर्च 350 रुपये प्रति क्विंटल आ जाता है। जिसके चलते गन्ने का उचित मूल्य न मिलने से काश्तकार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। किसानों ने गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता प्रकाश तिवारी, मनजिंदर सिंह भुल्लर, शुभम, सुरेश सिंह, अशोक, बलविंदर सिंह, अमरीक सिंह, सुखविंदर सिंह, बलवंत सिंह, मंजीत सिंह, जगजीत सिंह, दिलबाग सिंह, शार्दूल सिंह, भगवंत सिंह, मनमोहन सिंह, राजेश सिंह, छिंदर सिंह आदि शामिल रहे।

### बीस सूत्री कार्यक्रम में पहले स्थान पर आने पर सम्मान



पुरस्कार लेते जिला अर्थ संख्या अधिकारी व अपर संख्या अधिकारी।

**रुद्रपुर :** बीस सूत्री कार्यक्रम वर्ष 2024-25 में रैंकिंग में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले जनपदों को सम्मानित किया गया। इसमें निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ऊधमसिंह नगर ने पहला, रुद्रप्रयाग जनपद ने दूसरा और बागेश्वर जनपद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले ऊधमसिंह नगर, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जनपद के जिलाधिकारियों के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी, जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी और अपर संख्या अधिकारी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष ज्योति गैरोला ने दिया। इस दौरान ऊधमसिंह नगर से जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी नफील जमील और अपर संख्या अधिकारी प्रीति चोपड़ा मौजूद रहीं।

### निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर बांटा शरबत


दिनेशपुर में शरबत वितरण करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**दिनेशपुर :** निर्जला एकादशी पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में उपवास रखे श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना करते भीड़ देखी गई। इधर निर्जला एकादशी पर नगर में व्यापारियों व सामाजिक संगठनों की ओर से जगह-जगह पर छबील लगाकर शरबत बांटा गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता अशोक कालड़ा, दीपक गांधी, कमलेश सरकार, अनिल रौतेला, अरुण विश्वास, वीरभान कालड़ा, अनिल शर्मा, आकाश कालड़ा, सागर सिंह, मांगेराम शर्मा, राजू बाठला, गुरजीत सिंह पन्नू, डॉ सिमरन पांडे आदि मौजूद रहे।

### बाजपुर में भी शरबत का वितरण किया


बाजपुर में रहागीरों को शरबत वितरित करतीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा व अन्य।

**बाजपुर :** क्षेत्र में निर्जला एकादशी पर जहां लोगों ने व्रत रखकर दान-पुण्य किया, वहीं अनेक स्थानों पर व्यापारियों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा छबील लगाकर शरबत वितरित किया गया। शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर्व पर जगह-जगह मीठे शीतल पानी की छबील लगाई गई। नगरीय क्षेत्र में अनेक स्थानों पर व्यापारियों, अधिवक्ताओं व सामाजिक संस्थाओं ने छबीलें लगाईं। एसडीएम कार्यालय के सामने अधिवक्ताओं की ओर से लगाई गई तीखे चने व मीठे पानी की छबील का शुभारंभ एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा, बाजपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश पांडेय, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा आदि द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बताया गया कि हिंदू धर्म ग्रंथों में निर्जला एकादशी पर्व को बेहद खास माना जाता है। मान्यता है कि जो लोग एकादशी को व्रत नहीं रख पाते, वह अगर निर्जला एकादशी को व्रत रख लें तो उन्हें वर्षभर में पड़ने वाली सभी एकादशी का फल मिल जाता है।

### रुद्रपुर डिपो में टास्क फोर्स की कार्रवाई जारी

**रुद्रपुर :** उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में यात्रियों को बस में बैठाने के महाप्रबंधक (संचालन) के आदेश के बाद रुद्रपुर डिपो प्रबंधन ने टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई जारी रखी है। शुक्रवार को रुद्रपुर डिपो के एआरएम केएस राणा ने बताया कि गठित टास्क फोर्स बस स्टेशन पर संचालित बस का नंबर, बस का प्रकार, मार्ग का नाम और बस में बैठाये गये यात्रियों की संख्या का विवरण अंकित कर रही है। ऐसी बसों को संचालित होने से रोका जा रहा है जिसमें यात्री नहीं हैं या यात्रियों की संख्या कम है। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# भाजपाइयों ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

## 9 से 21 जून तक देशव्यापी अभियान, चौपाल के माध्यम से घर-घर जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता, ऑपरेशन सिंदूर की भी जानकारी देंगे

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अतिथि एवं भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन की तरफ से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश संगठन के महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

शुक्रवार को बाजपुर रोड स्थित एक होटल के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश के संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के काशीपुर जिला कार्यकारिणी के सभी मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू किए गए दो माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मंच से अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने आगामी दो माह में पार्टी के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक देशव्यापी अभियान को लेकर व्यापक चर्चा की।

उन्होंने इस दौरान कश्मीर से 5 अगस्त 2019 को धारा 370 तथा 35 ए के अलावा 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के शिलान्यास से लेकर कुछ दिन पूर्व आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन ने पूरे देश का मान बढ़ाया है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भाजपा सरकार बनी थी तब नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह गरीबों की सरकार है असहायों की सरकार है, यह मजदूर की सरकार है, यह है शोषित वर्ग की सरकार है। उसी को केंद्र बिंदु बनाते हुए जो कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के द्वारा किए गए उसी का ही परिणाम है कि आज देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने सफलतम 11 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। पूरे देश भर में यह अभियान हमारे द्वारा चलाए जा रहा है कि हम घर-घर जाए तथा देश के हित में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। आगामी दिनों के कार्यक्रमों के बारे में उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मोहल्ला चौपाल तथा पंचायत चौपाल का आयोजन किया जाएगा तथा घर घर जाकर सरकार की योजनाओं के संबंध में साहित्य का वितरण किया जाएगा। नरेंद्र मोदी सरकार का कार्यकाल जिस तरह का रहा है वह ऐतिहासिक ही नहीं बल्कि देशवासियों के लिए गौरवपूर्ण रहा है। 2014 से पूर्व की जो सरकार थी आजादी के बाद से 75 वर्ष तक किस तरह का भ्रष्टाचार था, देश के प्रधानमंत्री ने बहुत ही पारदर्शिता के साथ उसे समाप्त करते हुए इस सरकार को चलाया है, इस भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्व भर के लोग उनका लोहा मानते हैं। पूरे विश्व में उनकी ख्याति व्याप्त है जिसका गौरव प्रत्येक देशवासी करता है। इसलिए हम चौपाल के माध्यम लगाकर घर-घर जाने वाले हैं और 11 वर्ष के कार्यों को जनता को बताने वाले हैं। हम यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर और शक्ति केंद्रों पर भी करने वाले हैं। पूरे देश भर में 2 लाख शक्ति केंद्रों पर हम अपनी बात रखते हुए 2 करोड लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचने वाले हैं।

# महेश फिर बने ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष

- डीके सिंह महासचिव, महेंद्र बने कोषाध्यक्ष
- वर्ष 2025 से 2029 तक का हुआ चुनाव

संवाददाता, रुद्रपुर



ओलंपिक एसोसिएशन के नव मनोनीत पदाधिकारियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के एक होटल में वार्षिक एजीएम की बैठक आयोजित हुई। इसमें उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए महेश सिंह नेगी को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया, जबकि डीके सिंह को भी दूसरी बार महासचिव और महेश चंद्र जोशी को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

शुक्रवार को साढ़े 11 बजे उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा बैठक आयोजित हुई। जिसमें फेसिंग कॉन्फ्रेडरेशन ऑफ एशिया एवं फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव राजीव मेहता, पर्यवेक्षक बशीर अहमद खान (कोषाध्यक्ष, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं भारतीय ओलंपिक संघ प्रतिनिधि रहे, जबकि पूर्व जिला न्यायाधीश डीके नैनवाल चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे।

इस दौरान महासचिव डीके सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट, 2025-26 का प्रस्तावित बजट की रिपोर्ट भी पेश की।

इसके बाद एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, सुरजीत सिंह ग्रोवर, विमल चौधरी, सह सचिव सुभाष राणा, मोहक शारदा को बनाया गया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य ध्रुव मुंजाल, गोपाल खोलिया, नरिंदर सिंह बाफिला, अख्तर अली, शेखर त्रिपाठी, संचित डागर, नागेंद्र प्रसाद शर्मा को बनाया गया। इस दौरान ऑल इंडिया महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि पिछले वर्ष का कार्यकाल भी निर्वाचित पदाधिकारियों का बेहतर रहा और रुद्रपुर स्टेडियम में ओलम्पियाड खेलों ने भी प्रदेश को नई पहचान दी है। ऐसे में विश्वास है कि एक बार फिर नई कार्यकारिणी भी प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करेगी और राज्य को गौरवान्वित करेंगी।

### तीन माह की बकाया पेंशन देने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**खटीमा, अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राज्य आंदोलनकारियों की तीन माह की पेंशन का भुगतान करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को संबोधित ज्ञापन रजिस्ट्रार कानूनगो को सौंपा। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को पिछले तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आंदोलनकारियों की शीघ्र पेंशन मुहैया कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महामंत्री आलोक गोयल, हरीश जोशी, तरुण ठाकुर, संजय कपूर, राज कपूर, किशन सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।


खटीमा में ज्ञापन सौंपते राज्य निर्माण सेनानी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### समाजसेवी ने डिवाइडर से तोड़ी लोहे की प्लेट

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** विगत दिनों डिवाइडर पर लगे एक निजी कंपनी के यूनीपोल की लोहे की नुकीली प्लेट से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। दोबारा उस स्थान पर ऐसी घटना न हो इसको लेकर समाजसेवी सुशील गाबा ने नुकीली लोहे की प्लेट को निकालकर एक मिसाल पेश की है। शुक्रवार को डिवाइडर से लोहे की प्लेट निकालने के बाद समाजसेवी गाबा ने बताया कि विगत दिनों सुविधा होटल के पास रुद्रपुर के रहने वाले सुरेंद्र ग्रोवर स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। इस दौरान लोहे की यह नुकीली प्लेट उनके सर पर धंस गयी और उनकी मौत हो गयी। अन्य लोग भी इस प्लेट से हादसे का शिकार न बने इसलिए प्लेट को उन्होंने खुद हटा दिया है। साथ ही उस स्थान की मरम्मत भी कर दी गयी है। वहीं राह से गुजर रहे व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने गाबा की इस पहल का स्वागत किया है। इस मौके पर पवन गाबा पल्ली, सलीम खान, शिवांग छाबड़ा आदि मौजूद रहे।


नुकीली लोहे की प्लेट को तोड़ते समाजसेवी गाबा।

# पुस्तकालय निभाता है मुख्य भूमिका : डॉ. विनय

संवाददाता, पंतनगर



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करतीं कुलसचिव डॉ .दीपा विनय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा आईसीएआर एससी सब प्लान के तहत छात्रों के लिए तीन-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर हाई इम्पेक्ट रिसर्च का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ.दीपा विनय ने पुस्तकालय की महत्ता को रेखांकित करते हुए प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाता है। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों से कहा कि वे कम से कम एक महापुरुष की पुस्तक जीवन में अवश्य पढ़ें। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.मोहम्मद नजीम ने छात्रों को शोध प्रकाशन में पुस्तकालय की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. केपी सक्सेना ने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय क्यूएस रैंकिंग में 209 रैंकिंग से छलांग लगाकर 102 रैंक में पहुंचा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की रैंकिंग को बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे पूर्व प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय पुस्तकालय डॉ.एससी त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के पीजी एवं पीएचडी के 30 छात्रों ने प्रतिभाग किया और अपनी शंकाओं का निराकरण किया। इस मौके पर हेमा हल्दुआ, चंदा आर्या, गौरव, विकास गौतम आदि उपस्थित रहे।

# पीएफ फंड देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पीएफ फंड देने की मांग को लेकर शुक्रवार को श्रमिकों के साथ पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार ने वीवी मेड लैब फैक्ट्री में धरना प्रदर्शन किया। कंपनी मालिक ने पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार को फोन पर आश्वासन दिया कि वह एक सप्ताह के अंदर श्रमिकों की समस्या का समाधान करेंगे। इसके बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार ने कहा कि अगर कंपनी प्रबंधन के द्वारा एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कार्रवाई की जाएगी। धरना प्रदर्शन में भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह जाटव, महामंत्री कश्मीर सिंह, मंगल सिंह, सुरेंद्र शर्मा, मुन्नू सिंह, युवराज श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार यादव, रवि खाती, पंकज सैनी, संजीव कुमार, मानसिंह, बबलू सैनी समेत आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में स्थित फैक्ट्री में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

# आइसक्रीम में नशीला पदार्थ मिलाकर बना डाली वीडियो

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की रहने वाली एक युवती ने युवक पर आइसक्रीम में नशीला पदार्थ देकर अश्लील वीडियो बनाने और सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोतवाली इलाके की रहने वाली एक युवती एसएसपी कार्यालय पहुंची और कप्तान से गुहार लगाते हुए बताया कि पांच माह पहले उसकी मुलाकात रुद्रपुर के रहने वाले एक युवक से हुई।

युवक दोस्ती की आड़ में नजदीक आ गया और आइसक्रीम में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया। आरोप था कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी।


विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते अध्यापक।

### समर कैंप में पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**सितारगंज :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज विजटी, सितारगंज में 27 मई से 5 जून तक आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समारोहपूर्वक समापन किया गया। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने कुमाउनी बोली व संस्कृति की विशेषताओं को उत्साहपूर्वक सीखा और अपनाया। समापन कार्यक्रम में कैंप नोडल उमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों द्वारा पर्यावरण रैली निकाली गई तथा पर्यावरण विषयक क्विज, पोस्टर, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही फलदार, छायादार एवं पुष्पवृक्षों का पौधारोपण भी किया गया, जिसमें शिक्षकों सुंदर सिंह रावत, प्रमोद चन्द्र भट्ट, नीरजा चौधरी, उमेश चन्द्र पाण्डेय, अमरीश कुमार, बदरूद्दीन, प्रमोद कुमार जोशी, आसकुमारी, कपिल कुमार एवं जसवीर सिंह आदि ने सहभागिता की।

**मारी बाजी** | अंकित मौर्य को प्लेयर ऑफ द मैच एवं मंथन प्लेयर ऑफ सीरीज

# डीपीएस ने जीता फ्रेंडशिप क्रिकेट कप का खिताब

संवाददाता, जसपुर


जसपुर में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुनील कंबोज फ्रेंडशिप क्रिकेट कप प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीपीएस दिल्ली की टीम ने स्टेट हाई दिल्ली को 55 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में 54 रनों की पारी एवं एक विकेट लेने वाले अंकित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी में कंबोज क्रिकेट एकेडमी के सहयोग आयोजित फाइनल मुकाबले में डीपीएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। उन्होंने 30 ओवर में 222 रन बनाए। अंकित मौर्य ने 53 रन और यशवीर कंबोज ने 39 रनों की विजयी पारी खेली। स्टेट हाई की ओर से अभिषेक, दीप्ति व अमित ने एक-एक विकेट झटके। जवाब में स्टेट हाई 28.5 ओवर में 167 रन पर ढेर हो गई। दीपक ने 46 एवं साहिल ने टीम के लिए सार्वधिक 22 रन जोड़े। डीपीएस की ओर से मंथन ने 4 विकेट लेकर निर्णायक भूमिका निभाई। दीपेश और अंगद ने भी 1-1 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में योगदान दिया। प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने बताया प्रतियोगिता में 161 रन एवं आठ विकेट लेने पर मंथन को प्लेयर ऑफ द सीरीज, चार मैच में आठ विकेट लेने पर लक्ष्य को बेस्ट बॉलर एवं 174 रन बनाने पर दीपक को बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड दिया गया। प्रबंधक सुमित कंबोज, अमित कंबोज, अतुल बेदी, विवेक बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बाजपुर में मुख्यमार्ग पर घटना के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### शराब के नशे में दो कारों को मारी टक्कर

**बाजपुर** : गुरुवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार चालक ने दो कारों को जोरदार टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जिसको लेकर चालकों में विवाद हो गया और नौबत हाथापाई तक जा पहुंची। आरोपी कार चालक शराब के नशे में बताया जा रहा है। वहीं घटना को देख काफी संख्या में आसपास के लोग एकत्र हो गए। घटना के चलते मौके पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, लेकिन इस हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई। इस दौरान घटना की सूचना मिलने पर बाजपुर कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जहां पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुलिस ने जाम हटवाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करवाया। घटना के चलते कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा।


खटीमा में कोतवाल से चोरी के खुलासे की मांग करते भाजपा कार्यकर्ता।

### चोरी के खुलासे को लेकर कोतवाल से मिले भाजपाई

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी की पूर्व नगर मंडल उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता के प्रतिष्ठान में हुई चोरी के खुलासे की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी से मुलाकात की। प्रभारी निरीक्षक दसौनी ने चोरी का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। संतोष अग्रवाल ने मेलाघाट रोड पर प्रतिदिन बाहरी मजदूरों द्वारा जाम लगाने की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, रामलीला कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, विवेक रस्तोगी, आशीष अग्रवाल, सभासद आशीष श्रीवास्तव, राजेश बाटला, अजय अग्रवाल, पदम सक्सेना, अमित, रवि आदि मौजूद रहे।


खटीमा में फ्री कंप्यूटर प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाणपत्र देते आयोजक।

### तीन माह के कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन

**खटीमा** : राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चंपावत) में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत तीन महीने के फ्री कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को केआईटीएम महाविद्यालय परिसर में हुआ। सम्मान समारोह में संस्था की निदेशक ज्योति बिष्ट ने कहा कि डिजिटल साक्षरता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजकीय महाविद्यालय बनबसा के प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश तथा सहायक प्रोफेसर हेम गहतोड़ी संस्थान द्वारा महिलाओं को तकनीकी कौशल प्रदान करने के प्रयास की सराहना की। तीन महीने के प्रशिक्षण कोर्स में 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्था के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज की ओर से विभागाध्यक्ष केशव भट्ट मौजूद रहे। अंत में महाविद्यालय की निदेशक बिष्ट ने सभी प्रतिभागियों सहित प्रशिक्षण देने वाली राखी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।


खटीमा में ज्ञापन सौंपते शिव सैनिक। ● अमृत विचार

### बिना स्लाटर हाउस के पशु काटने वालों पर हो कार्रवाई

**खटीमा** : शिवसेना कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन देकर नगर में स्लाटर हाउस न होने के बाद भी छोटे–बड़े जानवरों के काटे जाने की जानकारी दी है। ज्ञापन में गुप–चुप तरीके से छोटे–बड़े पशु काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कुमाऊं संगठन मंत्री विक्रम बिष्ट, महेंद्र सिंह राणा, बीना मिश्रा, अध्यक्ष भवानी सेना, शोभित सिंह, दीपक भारती, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

# केंद्र और राज्य मिलकर बनाएंगे बागवानी का हब

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान चौपाल में किया प्रतिभाग

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को हार्टिकल्चर (बागवानी) का राष्ट्रीय हब बनाएंगी। उत्तराखंड के फल, अनाज और सब्जियों की गुणवत्ता अद्वितीय है। उनमें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने की पूरी क्षमता है।

उत्तराखंड की भूमि को खेती-किसानी की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को देहरादून के डोईवाला ब्लॉक अंतर्गत पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल में भाग लिया। खेतों के मध्य खाट पर बैठकर उन्होंने किसानों से आत्मीय संवाद किया और जमीनी स्तर की समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधरोपण भी किया। चौपाल में किसानों ने बीज, सिंचाई, विपणन, फसल बीमा योजना और कृषि उत्पादों के उचित मूल्य से जुड़ी अपनी बातें रखीं। लीची, बासमती चावल, कटहल और सब्जी उत्पादकों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान के लिए सुझाव दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं किसान परिवार से हूं, इसलिए किसान का दर्द जानता हूं। इसी कारण आज सीधे खेत में आकर खाट पर बैठा हूं, ताकि यह जान सकूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंच रहा है या नहीं। किसानों से सीधा संवाद ही उनकी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की बताई समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।


देहरादून के डोईवाला ब्लॉक अंतर्गत पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान।

### कृषि मंत्री ने की धामी सरकार की तारीफ

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। भारत सरकार उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि यहां के किसानों को न केवल आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ मिले, बल्कि उनके उत्पादों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार भी उपलब्ध हो। प्राकृतिक खेती, तकनीकी नवाचार और जल संरक्षण पर विशेष बल देकर खेती को भविष्य में और अधिक लाभकारी बनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र नींबूवाला में भी किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

## नगर प्रशासन व पुलिस टीम ने अवैध लगे मछली फड़ हटाए

**दिनेशपुर** : नगर में अवैध रूप से नगर प्रशासन की अनुमति के बगैर मछली बाजार लगाकर फुटपाथ पर मछली बेच रहे विक्रेताओं को हिदायत देने के बाद दुबारा फड़ लगाने पर नगर प्रशासन के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ईओ दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पूर्व नगर पंचायत द्वारा पक्के मछली बाजार बनाया गया है। इसी स्थान पर मछली बेचने के लिए फड़ लगाया जाएगा। आज होने वाली बैठक निरस्त हो गई।

गुरुवार को नगर पंचायत ईओ दीपक शर्मा व एसआई गिरीश चंद्र पंत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अवैध रूप से फुटपाथ पर मछली बिक्री के लिए फड़ न लगाने के लिए विक्रेताओं को मौके से हटा दिया। लेकिन देर शाम दोबारा मछली विक्रेता में फुटपाथ पर दुकान लगाकर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी दीपक शर्मा व एसआई अनवर अहमद ने मछली विक्रेताओं से फड़ हटाने के निर्देश दिए। जिस पर कुछ मछली विक्रेता से काफी नोकझोंक हुई।

# जसपुर में जिरासत के खेत में होगी कुर्बानी

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** निजामगढ़-मनोरथपुर गांव में कुर्बानगाह स्थल को लेकर चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया। एडीएम और एसपी की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है। इस बार जिरासत के खेत में कुर्बानी होगी।

एडीएम पंकज उपाध्याय और एसपी अभय सिंह ने शुक्रवार को गांव स्थित कुर्बान गाह स्थल कर स्थलीय निरीक्षण किया। उनकी मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हुआ। समझोते के अनुसार इस वर्ष जिरासत के खेत में कुर्बानी की रस्म अदा की जाएगी। बता दें कि निजामगढ़-मनोरथपुर प्रथम गांव की कुर्बानगाह स्थल को लेकर विवाद चल रहा था। गांव निवासी रियासत खां के खेत में 100 गज की जगह पर ग्रामीण अपने पशुओं की ईद-उल-अजहा के दिन कुर्बानी करते चले आ रहे थे। उनकी मृत्यु के बाद से उनके पुत्र जिरासत एवं सज्जाद खां ही खेत की देखरेख करते हैं। जिरासत अब अपने खेत में कुर्बानी नहीं करने देना चाहते थे। लेकिन शुक्रवार को अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें मना लिया गया। एडीएम ने बताया कि जिरासत के पूर्ववर्ती खेत में कुर्बानी करने कर समझौता हुआ है। पटाक्षेप होने से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रहत की सांस ली। वहां एसडीएम चतर सिंह, तहसीलदार शुभांगी, सरफराज अहमद, सरदार खां आदि थे।

### निजामगढ़-मनोरथपुर की कुर्बानगाह से जुड़े हैं पांच गांवों के ग्रामीण

**जसपुर** : कुर्बानगाह कमेटी के सदर सरदार खां ने बताया कि निजामगढ़–मनोरथपुर प्रथम गांव की कुर्बानगाह से क्षेत्र के पांच गांव जुड़े हुए हैं। इनमें मेघावाला, बढ़ियोवाला, आमका, पतरामपुर एवं हजीरों गांव शामिल हैं। इन गांवों के ग्रामीण ईद–उल–अजहा के मौके पर सदियों से कुर्बानी करते चले आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कमेटी ने गांव में ही दो बीघा जमीन कुर्बान गाह के लिए खरीदी है। लेकिन उस पर भी लोग आपत्ति जता रहे हैं। उन्होंने इस मामले में अब हाईकोर्ट की शरण ली है।

## थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**दिनेशपुर , अमृत विचार:** थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। छह फोर व्हीलर वाहनों की काली फिल्म हटाई, आठ वाहनों के चालान किए गए। पांच वाहनों का चालान काटकर 3000 नगद वसूले, तीन कोर्ट चालान काटे गए। अभियान के समय दोनों ओर वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहनों को काफी दूर खड़ा कर दिया।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने यातायात के नियमों का पालन करवाने के लिए फोर व्हीलर वाहनों में लगे काली फिल्म हटवाई, बाईकों में रेट्रो साइलेंसर व रंग बिरंगी लाइटें की चेकिंग करते हुए, हेलमेट व कागजातो की चेकिंग की। थानाध्यक्ष रावत ने वाहन चालकों से दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। अभियान में एसआई नवीन चौहान, एसआई लोकेश रावत, एसआई सोनिका जोशी, कांस्टेबल श्याम सुंदर, कृपाल बोरा, विकास चंद्र, रंजीत लाल, कमलेश सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# हरिओम अध्यक्ष, विमल महामंत्री और अर्पित बने निर्विरोध कोषाध्यक्ष


जसपुर में व्यापार मंडल के निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी के तीनों पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। तीनों पदों पर सात लोगों ने दावेदारी की थी। इनमें चार ने शुक्रवार को अपने नाम वापस लिए।

पांच सदस्य चुनाव समिति ने प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को धर्मशाला मंदिर में परिणाम की घोषणा की। मुख्य चुनाव अधिकारी राजाराम राजपूत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर हरिओम सिंह एवं खालिद अख्तर, महामंत्री पद पर विमल कुमार एवं महफूज अली तथा कोषाध्यक्ष पद पर अर्पित रस्तोगी, मोहम्मद आसिफ एवं मो.इब्राहीम ने नामांकन पत्र दाखिल कर दावेदारी जताई थी। शुक्रवार को नाम वापसी के दिन अध्यक्ष पद से खालिद, महामंत्री पद से महफूज अली एवं कोषाध्यक्ष पद से मो.आरिफ व मो.इब्राहीम ने अपने नाम वापस ले लिए। इस तरह अध्यक्ष पद हरिओम सिंह, महामंत्री पद पर विमल कुमार एवं कोषाध्यक्ष पर अर्पित रस्तोगी को निर्विरोध चुना गया। प्रमाण पत्र देकर नए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वहां पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल, निकेश अग्रवाल, मोहम्मद इस्लाम, तरुण बंसल, सतीश अरोरा आदि ने बधाई दी।

### नासिर को बनाया जिला मंत्री

**जसपुर** : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उधमसिंह नगर सत्यवान गर्ग ने कुमाउ प्रभारी अशवनी छाबड़ा के निर्देश पर नासिर अली को जिला महामंत्री मनोनित किया। नासिर स्थानीय कार्यकारिणी में दो बार उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। उनके मनोनयन पर एडवोकेट अखलाक अहमद, अंकुर बंसल, तरूण गहलोत, त्रिलोक अरोरा, मो.उस्मान, इस्लाम सहारा आदि ने बधाई दी।

# इस्लाम नगर क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप, जल सैंपलों में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की पुष्टि

**सितारगंज:** नगर के इस्लाम नगर क्षेत्र में डायरिया के मामलों में अचानक वृद्धि से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में मरीजों के उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में उपचार हेतु पहुंचने पर जनपद स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम को मौके पर भेजा गया।

टीम ने इस्लाम नगर वार्ड नंबर 04 का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ क्षेत्र में रोग निरोधात्मक कार्रवाई की। जांच के दौरान टीम ने वहां से जल के चार सैंपल एकत्र किए, जिन्हें जिला चिकित्सालय स्थित डीपीएचएल लैब में जांच हेतु भेजा गया। लैब रिपोर्ट में सभी सैंपलों में खतरनाक कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है, जो जलजनित बीमारियों के फैलाव का मुख्य कारण माना जाता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता, जल संस्थान रुद्रपुर को पत्र जारी कर इस्लाम नगर क्षेत्र में पेयजल का क्लोरीनेशन कराने एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को भी इस विषय में सूचित कर आवश्यक समन्वय के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे उबालकर या फिल्टर किया गया पानी ही पीएं और किसी भी प्रकार के लक्षण महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।


## वर्ग पहेली- 454

**बाएं से दाएं**

4. 1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5. 1. घुल–मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7. 1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2. 1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3. 1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
4. 1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




### वर्ग पहेली -453 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

### सुडोकू - 177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून, शनिवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास– ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि– द्वादशी पूर्णरात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– पश्चिम। ऋतु– ग्रीष्म।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल– भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– चित्रा 09 .40 तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** – आज सेहत को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सब आपके पक्ष में ही होता दिख रहा है। बेवजह सोशल मीडिया पर लोगों से संपर्क न रखें। अनावश्यक बातों में समय व्यर्थ हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन** – आज परिवार को लेकर चिंता दूर होगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स में लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी नए स्टार्टअप और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे। भावनाओं में आकर कोई व्यावसायिक निर्णय न लें।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं। संपत्ति विवाद के मामले उलझ सकते हैं। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत और खानपान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपको छोटी–छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है।

**सिंह** – आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करें। भाई–बहनों से संबंध अत्यंत मधुर रहेंगे।

**कन्या** – आज दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के मन में रचनात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। परिवार के साथ घूमने की योजना बनायेंगे। पैरों में अकड़न की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।

**तुला** – आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे जो आपके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। आज काफी रोमान्टिक समय बितायेंगे। आपके कार्य व्यवहार की प्रशंसा होगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपके बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार नम्र रखें। कारोबार में अस्थिरता हो सकती है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है।

**धनु** – आज मित्रों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है। परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है। सभी कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर** – आज नौकरीपेशा लोगों को विदेशी संस्थान से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। लम्बित कार्यों को पूरा करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है। भोग–विलास में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने को लेकर भी काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** – आज परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

**मीन** – आज नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। बीमारियों पर धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के कारण मूड खराब हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में परिश्रम के उपरान्त भी सफलता इच्छानुसार नहीं मिलेगी। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए।

# अल्मोड़ा को नशा मुक्त बनाने का करें प्रयास

## राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने की अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा


जिले की तमाम योजनाओं की समीक्षा बैठक करते राज्यपाल। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा में शुक्रवार को दीदी की रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने शुक्रवार को अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में योजनाओं की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को जनपद के विकास और समृद्धि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडेय ने पीपीटी के माध्यम से राज्यपाल को जनपद में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया। बताया कि बीते दिनों जनपद के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं। खनन न्यास से सरकारी स्कूलों में अस्थाई अध्यापकों की तैनाती कर स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। वहीं, मुंबई की पेस अकादमी के साथ समन्वय बनाकर स्कूली बच्चों को निःशुल्क नीट एवं इंजीनियरिंग की कोचिंग कराई जा रही है। यहां कोचिंग बच्चों को वर्चुअली उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी सहायता से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई रिक्शा के संचालन से उनको स्वरोजगार से जोड़ा गया है। राज्यपाल ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में लगातार कार्य किए जाएं। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। जिससे उनकी आर्थिकी में लाभकारी बदलाव आए। जनपद में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही अल्मोड़ा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जाने के निर्देश दिए। यहां बैठक में एसएसपी देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, एसडीएम सदर संजय कुमार, डीडीओ एसके पंत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### दीदी की रसोई का किया शुभारंभ

राज्यपाल ने दीदी की रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दीदी की रसोई के नाम से संचालित यह वाहन चलती फिरती कैंटीन है। इस चलती फिरती कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी, जिसमें खाना, स्नैक्स तथा फास्ट फूड उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग तथा हिमोत्थान (रीप) परियोजना के माध्यम से इस चलती फिरती दीदी की रसोई का वित्त पोषण किया गया है। इसके माध्यम से नॉन फॉर्मिंग गतिविधियों में महिलाओं की आजीविका बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

## बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में लोग बंदरों के आतंक से परेशान है। शुक्रवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों के लोगों ने वन विभाग को ज्ञापन भेज बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा कि इन दिनों नगर के चंपानौला, खोल्टा, तिलकपुर, सुनारीनौला समेत तमाम मोहल्लों में कटखने बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर आए दिन लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। वहीं, बच्चों का स्कूल अकेले जाना भी दुभर हो गया है। जबकि ग्रामीण इलाकों में बंदर खेती बाड़ी को भी चौपट कर रहे है। कहा कि पूर्व में भी कई बार वन विभाग को बंदरों के आतंक को लेकर अवगत कराया गया। लेकिन अब तक इनको पकड़ने को लेकर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। इस दौरान ज्ञापन भेजने वालों में आशुतोष उप्रेती, कमला पांडे, नंदन सिंह, यशोदा तिवारी, राजेश्वरी उप्रेती, सुनीता बिष्ट, मोहन चंद्र कांडपाल, मथुरा दत्त मिश्रा आदि लोगों ने हस्ताक्षर किए।

## शिविर में छात्रों ने जाना निरोगी रहने के उपाय


अल्मोड़ा जीआईसी में आयोजित शिविर के दौरान योग करते छात्र-छात्राएं।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसजे विवि के योग विभाग की ओर से 'आओ हम सब योग करें' अभियान जारी है। शुक्रवार को अभियान के तहत अल्मोड़ा नगर के विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को योग के आसानों का अभ्यास कराकर निरोगी रहने के टिप्स दिए गए।

योग विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन भट्ट ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वेद, उपनिषद, पुराण एवं गंगा महिमा पर आधारित संवाद सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा गंगा नदी की आध्यात्मिक भूमिका, सांस्कृतिक महत्व एवं संरक्षण के उपायों पर विचार प्रस्तुत किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षकों ने ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, मिनर्वा एकेडमी, पुलिस लाइन, सरस्वती शिशु मंदिर, एसएसजे परिसर, ज्ञानोदय स्कूल डीनापानी, रैमजे इंटर कॉलेज, स्पोर्ट्स स्टेडियम, न्यू इंदिरा कॉलोनी, प्राथमिक विद्यालय खत्याड़ी आदि स्थानों पर शिविर लगाया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं और लोगों को योग के विभिन्न आसानों का अभ्यास कराया गया। यहां योग प्रशिक्षक डॉ. गिरीश सिंह अधिकारी समेत अन्य ने सहयोग किया।

## सार-संक्षेप


श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद मुख्य यजमान व भक्त जन। ● अमृत विचार

### सत्य को आत्मसात करना ही धर्मः वाजपेयी

**बैरती (अल्मोड़ा):** क्षेत्र के ककनर में सार्वजनिक सदन में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा पुराण में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथा पुराण के द्वितीय दिवस पर व्यास पंडित रामकृष्ण वाजपेयी द्वारा अनेक मार्मिक प्रसंगों का बखान करते हुए कहा गया कि सत्य को स्वयं में अंगीकार करना ही वास्तव में धर्म है। इससे पूर्व कल चित्रेश्वर शिवालय से कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा पुराण का शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्य यजमान विन्देश्वरी पांडेय व उनकी धर्म पत्नी चंद्रा पांडेय के अलावा ककनर, उलैनी, चितैलीगाड़, चितैली, गैराड़, सेलागढ़ी व बैरती आदि के महिला- पुरुष भक्तों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। भगवत भजनों को गाते हुए कलश यात्रा ककनर को रवाना हुई। भागवत कथा में भजनों के साथ साथ वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।


चम्पावत पहुंचा भारतीय सेना के मोटरसाइकिल दल। ● अमृत विचार

### सेना के मोटर साइकिल अभियान दल का किया स्वागत

**टनकपुर/ चम्पावत :** भारतीय सेना के कुमाऊं क्वेस्ट बाइक अभियान दल का चम्पावत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सेना के अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं ने अभियान का नेतृत्व कर रही महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अदिति एवं उनके साथ पहुंचे दल का माल्यार्पण किया। अभियान दल शुक्रवार की सुबह बनबसा से चम्पावत पहुंचा, जो यहां से पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुआ। दिल्ली से पांच जून से शुरू हुआ नौ दिवसीय अभियान लिपुलेख में समाप्त होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी उमेद सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल भवानी दत्त जोशी ने बताया कि कुमाऊं क्वेस्ट के माध्यम से सेना यह संदेश दे रही है कि वह केवल भारतीय सीमाओं की रक्षा करने वाली शक्ति ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली प्रेरक शक्ति भी है, जिसका उद्देश्य विश्वास का निर्माण, भावी पीढ़ी को प्रेरित करना और अपने शाश्वत मूल मंत्र राष्ट्र सर्वोपरि, सदैव सर्वोपरि को साकार करना है।

### श्याम महोत्सव के तहत आज निकलेगी निशान यात्रा

**टनकपुर :** श्याम महोत्सव के तहत नगर में शनिवार आज निशान यात्रा निकाली जाएगी। श्याम मित्र मंडल के संयोजक दीनदयाल अग्रवाल ने बताया कि विगत पांच वर्षों से नगर में श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को श्याम भक्त नगर के विभिन्न मार्गों पर बैंडबाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य निशान यात्रा निकालेंगे। यात्रा खाटू श्याम मंदिर से आयोजन स्थल उत्सव गार्डन में संपन्न होगी। मुक्तेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित रामनारायण दास और सीताराम मंदिर के पुजारी पंडित राजेश के पोरौहित्य में कार्यक्रम होंगे।

## थाई बॉक्सिंग में जीता बिट्टू कनवाल ने स्वर्ण

संवाददाता, अल्मोड़ा

- देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता
- पदक जीतने पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

**अमृत विचार:** थाई बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप मुकाबले में अल्मोड़ा के बिट्टू कनवाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में बिट्टू ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।



देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल एकल मुकाबले में 63 किलो भार वर्ग में बिट्टू ने देहरादून के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जबकि सेमीफाइनल में उन्होंने उधमसिंहनगर के रोहित को और क्वाटर फाइनल में पौढ़ी के खिलाड़ी को 5-0 के अंतर से हराया था। वहीं, आगामी 28 जून से महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए बिट्टू का उत्तराखंड की टीम से चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व खेल निदेशक सुरेश पांडे, लक्ष्मण सिंह कनवाल, वीरेंद्र सिंह कनवाल, देव सिंह, राजेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह, बीएस मनकोटी, भोला कनवाल, नवनीत जोशी, अभिषेक राणा, नंदन आदि खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

## पर्यावरण पर दी अहम जानकारी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देश पर टनकपुर के नेहरू पार्क में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें योगाभ्यास करतीं महिलाओं को योगा प्रशिक्षण देते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूड़म की पूर्व प्रधानाध्यापिका हेमा वर्मा ने महिलाओं को योग के साथ-साथ पर्यावरण के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं ने पौधरोपित कर उनके संरक्षण के लिए शपथ भी ली। कार्यक्रम में महिला प्रतिकार योजना 2020, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, महिलाओं पर हो रहे आपराधिक हिंसा, बाल श्रम निषेद अधिनियम 1986 संशोधन 2016 साथ में यूसीसी विवाह पंजीकरण, समान नागरिक संहिता संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता गड़कोटी, हरेला क्लब महिला विंग की उपाध्यक्ष सुनीता गहतोड़ी, आशा वर्कर मोहिनी जुकरिया, पदमा पोखरिया, रेवती जुकरिया, कुसुम जुकरिया, पीएलवी व अधिकार मित्र किरन जोशी, किरन गहतोड़ी, ऋतु महर, राधिका अधिकारी आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में शिविर में लोगों को जागरूक करतीं महिलाएं।

### कोतवाली परिसर में चलाया पौधरोपण कार्यक्रम

**टनकपुर :** शुक्रवार को कोतवाली परिसर टनकपुर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देश पर विधिक जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण पखवाड़ा कार्यक्रम में विधिक जागरूकता अभियान और पौधरोपण किया गया। कोतवाल चेतन रावत और एसएसआई पूरन सिंह तोमर द्वारा एक पौधा लगाकर पृथ्वी को हरा-भरा रखने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की लोगो से अपील की। इस दौरान पीएलवी अधिकार मित्र बिजेंद्र अग्रवाल, शमशाद बानो, रीता कनौजिया, इजहार अली, प्रियंका पचौली आदि ने सहयोग दिया।

## लोहाघाट में चरस के साथ बाबा गिरफ्तार

**चम्पावत, अमृत विचार :** एसपी अजय गणपति के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के लिए सभी थाना और कोतवाली प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में चम्पावत के थाना लोहाघाट पुलिस टीम द्वारा सुई क्षेत्र से बाबा कुबेर नाथ पुत्र उमेश नाथ निवासी मोहम्मदपुर झाड़सा, थाना कोतवाली गुड़गांव, जो वर्तमान में लोहाघाट क्षेत्र अंतर्गत बाबा के तौर पर निवास कर रहा है के कब्जे से 1 किलो 110 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध लोहाघाट थाने में मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस टीम में लोहाघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, प्रभारी चौकी बाराकोट हरीश प्रसाद, हेड कांस्टेबल वजीर चंद, संजय जोशी, सुनील कुमार शामिल रहे।

## पेंशन वृद्धि की मांग को लेकर समिति मुखर

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर रोडवेज कार्यशाला गेट में राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक में कर्मचारियों के पेंशन वृद्धि की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही समिति के स्थापना दिवस पर सेवानिवृत कर्मियों से अपनी मांग को लेकर आगे आने का आह्वान भी किया गया।

सभा में समिति से जुड़े अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने कहा कि वह पेंशन बढ़ोतरी की मांग वर्ष 2017 से उठा रहे हैं। बार-बार सरकार के आश्वासन के बाद भी उनकी मांग पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इस दौरान समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश गोस्वामी ,मोहन देव भट्ट , प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोवाल, प्रदेश सचिव गणेश मेलकानी, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार वालिया, यतेंद्र चन्द, भगवान चन्द, कुलदीप आदि कर्मी मौजूद रहे।



### 55 खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो में अर्जित की बेल्ट

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** उत्तराखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान व जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन पिथौरागढ़ के समन्वय से 55 खिलाड़ियों ने बेल्ट ग्रेडिग परीक्षा पास कर अगले चरण में प्रवेश किया। शिवम फर्स्वाण, सौरभ उपरारी, गीतिका, वंश थापा, प्रियंक, तन्मय सिंह, जोयल मनी, मानस भंडारी, दीपिका बिष्ट, जीत कुमारी व तान्या जोशी को येलो बेल्ट मिली। वहीं, प्रिंस यादव, लक्षिमा वर्मा, श्रेया वर्मा, तरूण सिंह खड़ायत, नावेद खान, अतुल्य त्रिपाठी, मनीष मेहता, रोही वल्दिया, तुषारा श्रेष्ठ, मनीषिका, आरध्या विश्वकर्मा, नक्ष टम्टा, सोमी तड़ागी, शौर्य तड़ागी,हर्षित रावल, अंकित धामी, हर्षिता खत्री को ग्रीन बेल्ट जीती। रोशनी बिष्ट, प्रियंका बसेड़ा, दिव्याशी वल्दिया, दीपक धामी, आयुषी जोशी, मुस्कान सामंत को ग्रीन वन बेल्ट मिली। शिवम दुग्ताल, साकेत चंद, प्रियांशी बोरा, चिरजीवी सामन्त, ध्रुव सिंह ने ब्लू बेल्ट, प्रियांशु बोहरा, काव्यांश अधिकारी ने ब्लू वन बेल्ट प्राप्त की। प्रशिक्षक मनोज रावत ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी पिथौरागढ़ अनूप बिष्ट ने बताया कि पहली बार सीमांत जनपद के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने 55 बेल्ट अर्जित की है। इस दौरान लीलावती जोशी, सुनीता मेहता, निखिल महर, कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेंद्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, जगत सिंह महरा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**टनकपुर, अमृत विचार :** जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रकाश महर, राईकोट लोहाघाट ने तहरीर देकर कहा कि गैंडाखाली निवासी मोहित कनवाल ने उसके साथ घर में घुसकर मारपीट की, जिससे उसके गर्दन व अन्य जगह चोटें आई है।

कहा गया है कि चार जून की रात आठ बजे वह टैक्सी स्टैंड में सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान मोहित ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पांच जून को बूम शारदा घाट स्थित किराए के कमरे में घुसकर उसे लाठी डंडे से जख्मी किया। कोतवाल चेतन रावत ने बताया आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर जांच एसएसआई पीएस तोमर को सौंपी है।


पिथौरागढ़ बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र लेते दावेदार। ● अमृत विचार

### अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों ने ठोकी ताल

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर तीन दावेदारों ने ताल ठोकी है। पहले दिन इस पर दो, तो दूसरे दिन एक नामांकन पत्र बिका। उपाध्यक्ष पद पर एक, सचिव, उपसचिव और कोषाध्यक्ष पद पर अब तक दो-दो दावेदार मैदान में हैं। जिला बार एसोसिएशन के त्रैवार्षिक चुनाव की तैयारी जोरों पर है। बीते बृहस्पतिवार से चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की खरीद शुरू हुई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दो, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक, सचिव और उपसचिव पद के लिए दो-दो नामांकन पत्र बिके। दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय भट्ट ने नामांकन पत्र खरीदते हुए चुनावी ताल ठोकी। ऐसे में अब तक अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष पद के लिए एक, सचिव, उपसचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो दावेदार मैदान में हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी पाटनी ने बताया कि 10 जून तक नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने की तिथि है। बताया कि अध्यक्ष पद पर मोहन भट्ट, उपाध्यक्ष पद पर अनिल रौतेला, सचिव पद पर पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर संजय भट्ट ने नामांकन पत्र दाखिल भी कर दिया है।

कार्यक्रम

अभियान के तहत कार्यक्रमों को लेकर भाजपा ने बैठक की, बूथ स्तर से मंडल स्तर तक चलाएगी अभियान, कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से कार्य करने का किया आह्वान

# सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगी भाजपा

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा भाजपा कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। शुक्रवार को तैयारियों को लेकर पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान को लेकर बूथ से मंडल स्तर तक कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय की गई।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र वल्दिया ने कहा संकल्प से सिद्धि के तहत सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले साल के दौरान उठाए गए कदमों और योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पांच से 15 तक वृहद पौधरोपण, 21 जून को योग दिवस, 23 जून को बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से करने का आह्वान किया। यहां बैठक में जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, गोविन्द पिलख्वाल, रवि रौतेला, अरविंद बिष्ट, ललित लटवाल, गिरिश खोलिया, प्रकाश भट्ट, महिपाल बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, आनंद डंगवाल, बीना नयाल, दीपक साह, राजेंद्र बिष्ट, मंगल रावत, हरीश परिहार, हरीश सिजवाली, नवीन बिष्ट, दिनेश पांडे, प्रताप गैड़ा, जगदीश डंगवाल, हरीश प्रसाद, प्रेम लटवाल, पूनम पालीवाल, लीला बोरा, हरीश कनवाल, देवेंद्र नयाल, मनोज जोशी, प्रदीप नगरकोटी, खीम सिंह बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, भानू अधिकारी, दिनेश मठपाल, नितिन आदि रहे।

### भाजपाइयों ने कोलीढेक झील परिसर में किया पौधरोपण

**लोहाघाट, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्ष की संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा पूरी होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोलीढेक झील परिसर में बांज व माल्टा के पौधे लगाए। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश कुंवर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में कोलीढेक झील में नौकायन के लिए दिल्ली और पंजाब से आए पर्यटकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रयास में अपनी भागीदारी निभाई। भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि तक के विजन को साकार करने के लिए यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सुभाष बगौली, चंद्रशेखर बगौली, अर्जुन मेहरा, लोहित खोलिया, नरेश फर्त्याल, बलवंत गिरी, देवेन्द्र अधिकारी, पंकज ढेक, दीपक नाथ गोस्वामी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कोलीढेक झील परिसर में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### कार्यक्रमों के लिए की संयोजकों की नियुक्ति

**पिथौरागढ़ :** भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में विकसित भारत, अमृत काल से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता गुंजन सुखेजा, जिला प्रभारी कुंदन परिहार, विधायक बिशन सिंह चुफाल, दर्जा मंत्री गणेश भंडारी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में 10 से 25 जून तक चलने वाले आयोजनों की रूपरेखा साझा की गई। जिसमें प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी, व्यवसायिक सम्मेलन, संकल्प सभाएं, ग्राम चौपाल, योग दिवस और आपातकाल पर लघु फिल्म प्रदर्शनी शामिल हैं। सभी कार्यक्रमों के लिए संयोजकों की नियुक्ति की गई। संचालन महामंत्री दीपक कार्की ने किया। मीडिया प्रभारी रघुवीर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## जंगल हम बचाएंगे पुस्तक के लिए इंजी. शौर्य सम्मानित

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** जनपद के युवा बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य को द एशियन एकेडमी में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी बाल साहित्य की पुस्तक जंगल हम बचाएंगे के लिए सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पुस्तक जंगल हम बचाएंगे बच्चों के बीच खासी लोकप्रिय हो रही है।

एशियन एकेडमी के संस्थापक हिमालयन योगी महामंडलेश्वर डॉ. वीरेंद्रानंद गिरि महाराज की पहल पर पद्मश्री बसंती देवी बिष्ट ने उन्हें सम्मानित किया। स्वामी वीरेंद्रानंद ने कहा कि इंजी. ललित शौर्य बच्चों के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। शौर्य ने बताया कि यह पुस्तक प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में लिखी है। उनकी कुल 22 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे की आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा



• दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### रेपो दर में आगे और कटौती की गुंजाइश काफी कम

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद इसमें आगे और कमी करने की बहुत कम गुंजाइश दिख रही है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि का अनुमान लगभग 6.5 प्रतिशत है और हम मुद्रास्फीति के इस साल 3.7 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए चार प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। यदि ये सब होता है, तो फिर दर में कटौती की बहुत सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा, ''हम आने वाले आंकड़ों पर नजर रखना जारी रखेंगे और मुख्य रूप से वही कदम उठाएंगे जो आंकड़े हमें सुझाएंगे।

### फिक्की ने कहा- ये कदम साहसिक और सक्रिय

उद्योग जगत ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान



• मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के



• 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।

दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

## एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# रेपो दर में कटौती से 747 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**

नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने



• निफ्टी एक बार फिर 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के पार
• रियल्टी, वाहन और बैंकिंग सेक्टरों में दर्ज की गई तेजी

की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। ब्याज दर के लिहाज से संवेदनशील रियल्टी खंड में 4.74 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.50 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.25 प्रतिशत की तेजी आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू

## आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार, खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई



• मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी पद से हटाए गए

और 56 लोग घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• भाजपा पर लगाया प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा कहती थे कि सड़कों पर कुत्ते घूम रहे हैं और हम सड़कें साफ करेंगे। अब उन्हें ये काम करवाने चाहिए, लेकिन वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

**नई शुरुआत**



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

## जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत कई को बरी किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया।

सीबीआई अदालत ने हालांकि जेएएस इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने झारखंड के महुगढ़ी कोयला ब्लॉक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। इस मामले में सजा पर बहस अब आठ जुलाई को होगी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई द्वारा जांचे गए कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में यह 19वीं दोषसिद्धि है। शुरुआत में सीबीआई ने 20 नवंबर, 2014 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर) दाखिल की थी।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिर किया आत्मसमर्पण करने का कटाक्ष

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर आत्मसमर्पण वाला कटाक्ष दोहराया, जिस पर हाल ही में भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। कांग्रेस नेता ने यह बात बिहार में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में कही।

इससे कुछ दिन पहले उन्होंने मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाया था। गांधी ने नालंदा जिले के राजगीर में कहा, ट्रंप ने कम से कम 11 बार कहा

• कहा- सीजफायर कराने के ट्रंप के दावों पर कुछ नहीं बोल रहे हैं मोदी

है कि उन्होंने मोदी को मजबूर किया है। हमारे प्रधानमंत्री विरोध में एक शब्द भी नहीं कह पा रहे। कारण यह है कि ट्रंप ने जो कहा है, वही हकीकत है। उल्लेखनीय है कि गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भोपाल में दावा किया था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के चरम पर होने पर ट्रंप ने मोदी से कहा था, नरेंदर, सरेंडर। इस टिप्पणी से भाजपा नाराज हो गई थी।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसे देशद्रोह कहा था। प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया था कि यह बयान हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों द्वारा भारत के बारे में कही गई बातों से कहीं अधिक अपमानजनक है। राजगीर में अपने संबोधन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आरएसएस से लड़ रहा हूं, वे बहुत आसानी से आत्मसमर्पण कर देते हैं। उन्हें दया याचिका लिखने में ज्यादा समय नहीं लगता। बेशक, आधुनिक तकनीक ने पेन और कागज की जगह व्हाट्सऐप को जन्म दे दिया है।

## ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान समर्थक नारे

**अमृतसर।** ऑपरेशन ब्लूस्टार की 41वीं बरसी पर शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित अकाल तख्त पर कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। इस दौरान स्वर्ण मंदिर और शहर में शांतिपूर्ण बंद का माहौल रहा। दल खालसा के कार्यकर्ता अपने हाथों में उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले के चित्र वाले पोस्टर और खालिस्तानी झंडे लिए हुए नजर आए। अकाल तख्त के निकट स्वर्ण मंदिर का पूरा परिसर खालिस्तानी समर्थक नारों से गूंज उठा। दल खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) और उनके सहयोगी एवं पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अकाल तख्त पर नारेबाजी की। ऑपरेशन ब्लूस्टार 1984 में स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया सैन्य अभियान था।

# मिट्टी के कणों के जरिए कोविड-19 की जांच पद्धति विकसित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि मिट्टी के कण कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की उपस्थिति में अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इस शोध का उपयोग उन्होंने एक सरल, वहनीय जांच विकल्प विकसित करने के लिए किया है।

शोध में पता चला है कि मिट्टी कण वायरस युक्त नमकीन-पानी के घोल में कितनी जल्दी तल पर बैठते हैं। 'एप्लाइड क्ले साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने लिखा है, वायरस की उपस्थिति से मिट्टी के कणों के बल में परिवर्तन से मिट्टी की इलेक्ट्रोलाइट प्रणाली की सेडिमेंटेशन दर बदल गई।

टीम ने कहा कि ये निष्कर्ष सार्स-कोव-2 का पता लगाने के लिए फिलहाल उपयोग की जाने वाली जटिल, महंगी विधियों की तुलना में एक सरल और वहनीय विकल्प प्रदान करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक टी.वी. भरत ने कहा, ''पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जैसी मौजूदा विधियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन समय लेती हैं और भारी उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसी तरह, एंटीजेन परीक्षण तेज होता है।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग




**नई दिल्ली :** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।

### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई :** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षण: डिविलियर्स

**लंदन :** एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारत ए ने चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 213 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन :** सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए।

# बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

- पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।


रोहित शर्मा।


चेतेश्वर पुजारा।

**2016-17** में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया पुजारा ने

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

# उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने रच दिया इतिहास

## विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई, चीन हुआ बाहर

**सियोल, एजेंसी**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई।



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

### भारतीय हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है।

उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।


फ्रेंच टेनिस ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ शॉट लगाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

### कोको गाफ का फाइनल में मुकाबला सबालेंका से

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।


कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

# टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसीः**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।



क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# पीयूष ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।



पीयूष चावला। ● एजेंसी

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की) :** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया।

मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था।भारत की उम्मीदें कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धराशायी हो गईं।

# मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा। पैंतीस साल के स्टार्क ने कहा कि तनाव को देखते हुए उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में खेलने पर संदेह था।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा समय ही बताएगा कि इसका क्या नतीजा होगा या फिर उन खिलाड़ियों के साथ क्या होगा जो वापस नहीं लौटे। उस मैच से पहले हालांकि मेरे मन में कुछ सवाल और चिंताएं थीं। जाहिर है कि हमने देखा कि क्या हुआ। उस घटना ने मेरे निर्णय में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने कहा कि इन्हीं कारणों से उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था।



- आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क

उन्होंने कहा चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान में) को लेकर मेरे फैसले में कुछ हद तक यही बात थी और फिर जब टूर्नामेंट (आईपीएल) में देरी हुई, तो आप टेस्ट मैच की तैयारी के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। वह 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का जिक्र कर रहे थे। स्टार्क ने कहा कि धर्मशाला में अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया। दोनों टीमें प्रसारण दल के साथ पठानकोट से विशेष ट्रेन से दिल्ली लौटी थीं। उन्होंने कहा, '' अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया।

धर्मशाला में पंजाब की टीम से जुड़े लोग भी थे। पंजाब के खिलाड़ियों ने लीग के लिए वापस आने का फैसला किया लेकिन जेक और मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। स्टार्क ने कहा यह एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय था। इसका जो भी परिणाम हो मैं उसके साथ आगे बढ़ने को लेकर खुश रहूंगा।

# संघीय कोर्ट ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगाई रोक

वाशिंगटन, एजेंसी



- हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने व्हाइट हाउस की मांगों को अस्वीकार करने के कारण उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले अगर यह रोक लगी तो इससे संस्थान को तत्काल और अपूरणीय क्षति होगी। बरो ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन को समाप्त करने के प्रशासन के पिछले प्रयास पर लगाई गई अस्थायी रोक को भी बढ़ा दिया। गत माह गृह मंत्रालय ने विदेशी छात्रों को दाखिला देने और उनके वीजा के वास्ते कागजात जारी करने के लिए हार्वर्ड के प्रमाणन को रद किया था, लेकिन बरो ने इसको अस्थायी रूप से रोक दिया था।

# रील में बीत रही जिंदगी रियल में जा रही जान

सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं की जिंदगी एक रील की तरह बन गई है। सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को कलाकार बनने का मौका दे दिया है, , लेकिन रील बनाने का यह जुनून कई बार युवाओं के लिए मौत का कारण भी बन रहे हैं। कुछ पलों की वीडियो में पॉपुलर होने की चाहत लोगों को ऐसे जोखिम उठाने पर मजबूर कर रही है। खुले रेलवे ट्रैक, ऊंची इमारतें, दौड़ती सड़कें – सब अब फेमस होने की पृष्ठभूमि बन चुके हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आई है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, सवाल ये है कि आखिर लोग ऐसा रिस्क क्यों ले रहे है, रील बनाकर फेमस होने की चाल में लोग वास्तव में अपनी जान गंवा दे रहे हैं...



### कई गंवा चुके हैं जान

रील्स बनाते समय कई घटनाएं हुई, जिनमें लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 बहनों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई, जो नहाते हुए रील बना रही थीं। मध्य प्रदेश के सिवनी में युवक ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मेरठ में युवक पानी की टंकी से गिरा, जबकि आगरा में युवक चौथी मंजिल से गिरकर मारा गया। महाराष्ट्र में महिला इन्फ्लुएंसर जलप्रपात के पास रील बनाते समय गिर गई। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि लोग सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे उनकी जान चली जा रही है।

### मनोवैज्ञानिक परिदृश्य

**डोपामिन और तात्कालिक संतुष्टि :** सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज मिलने से डोपामिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जिससे व्यक्ति को खुशी महसूस होती है। यह अनुभव व्यक्ति को बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित करता है।

**पहचान की खोज :** आज की युवा पीढ़ी आत्मपहचान और सामाजिक मान्यता के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होती जा रही है। कई बार रियल लाइफ में पहचान न मिलने पर वर्चुअल दुनिया में हीरो बनने की लालसा हावी हो जाती है।

**फोमो (फेयर ऑफ मिसिंग आउट) :** दूसरे लोग अगर कुछ अलग और साहसी कर रहे हैं तो खुद को पीछे न समझा जाए, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे वही ट्राई करते हैं।

### सामाजिक परिदृश्य

**प्रेरणा के गलत स्रोत :** वायरल वीडियो और फेमस रीलर्स को देखकर लोग सोचते हैं कि बिना खास टैलेंट के भी प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह सोच युवाओं को शॉर्टकट की ओर ले जाती है।

**परिवार और समाज का दबाव :** नौकरी, पढ़ाई या जीवन में असफलता के कारण लोग सोशल मीडिया को सफलता का विकल्प समझने लगते हैं, जहां एक वीडियो उनकी किस्मत बदल सकता है।

**सुरक्षा के प्रति लापरवाही :** रील बनाते समय हेलमेट न पहनना, चलती ट्रेनों के पास जाना या ऊंची जगहों से कूदने की एक्टिंग – सब यह दर्शाते हैं कि सुरक्षा का कोई स्थान नहीं है।

> रील्स बनाने लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है जो एक समय के बाद समाप्त हो जाता है और लोग खतरा उठा बैठते हैं। एक समय उनको उत्साह की अनुभूति नहीं होती है। इसके पीछे का मुख्य कारण डोपामिन का अनियंत्रित होना और रिवार्ड सर्किट होता है।
>
> **डा. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक, जिला अस्पताल- बरेली**

### रील देखने में करते हैं समय बर्बाद

लोग प्रतिदिन औसतन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ शॉर्ट वीडियो देखने में ही बिता देते हैं। ऑटो-स्क्रोल फीचर, ट्रेंडिंग कंटेंट और तेज डोपामिन रिलीज होने के कारण लोग लगातार वीडियो देखते रहते हैं, जिससे समय का बड़ा हिस्सा अनजाने में व्यर्थ हो जाता है। यह आदत पढ़ाई, काम और नींद पर नकारात्मक असर डालती है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्क्रीन टाइम को सीमित कर, एप्स में टाइम लिमिट सेट कर और जागरूक उपयोग से इस लत को कम किया जा सकता है, जिससे समय का बेहतर उपयोग हो सके।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है। यह कदम दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है। हम वास्तव में बेहद करीब हैं और हमें पूरा विश्वास है कि तीन सप्ताह में होने वाले अगले नाटो शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बन जाएगी।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ ही सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन : इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें लाइसेंसधारी स्काईडाइवर क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए एक हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा (स्टंट) 16 बार किया।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी शहरों पर नियमित रूप से बमबारी की जाती रही है।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

## कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

वाशिंगटन, एजेंसी



- स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### नासा की बढ़ सकती थीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क में सोशल मीडिया पर गुरुवार को हुई बहस के बाद सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नासा भी अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर काफी हद तक निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

**ड्रैगन कैप्सूल :** स्पेसएक्स अकेली अमेरिकी कंपनी है जो अपने चार सदस्यीय ड्रैगन कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम है। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब तक सिर्फ एक बार ही अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भर पाया है, पिछले साल की परीक्षण उड़ान इतनी खराब रही कि दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स से धरती पर लौटना पड़ा। स्टारलाइनर का अब उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि नासा यह तय कर रहा है कि अगली परीक्षण उड़ान में मानव दल भेजा जाए या सिर्फ़ सामान। स्पेसएक्स अपने निजी रूप से संचालित मिशनों के लिए भी ड्रैगन कैप्सूल का उपयोग करता है। ऐसा अगला मिशन अगले सप्ताह उड़ान भरने वाला है, जिसे ह्यूस्टन की कंपनी ऐक्सियम स्पेस ने किराये पर लिया है।

### नासा के लिए दूसरा विकल्प है रूस का सोयूज कैप्सूल

रूस के सोयूज कैप्सूल इस वक्त अंतरिक्ष यात्रयों को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने के एकमात्र अन्य विकल्प हैं। सोयूज़ कैप्सूल एक बार में तीन लोगों को ले जा सकते हैं। फिलहाल, हर सोयूज़ प्रक्षेपण में दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक नासा अंतरिक्ष यात्री होते हैं, जबकि हर स्पेसएक्स प्रक्षेपण में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री शामिल होता है- यह अदला-बदली व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस तरह, किसी आपात स्थिति में जब किसी कैप्सूल को वापस लौटना पड़े, तो उसमें हमेशा एक अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद रहता है।



## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। एजेंसी

# जापान का चंद्र मिशन असफल रहा

तोक्यो, एजेंसी




- निजी लैंडर चंद्रमा पर उतरते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई संदेश नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे मिशन को समाप्त कर रहे हैं।

अंतरिक्षयान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले तक ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस का दूसरा चंद्र मिशन था। कंपनी का चंद्रमा पर पहुंचने का पहला प्रयास भी दो साल पहले विफल रहा था, जिसके बाद लैंडर का नाम रेसिलिएंस रखा गया। रेसिलिएंस चंद्रमा की धूल के लिए रोवर और सतह पर रखने को खिलौनाघर भी लेकर गया था।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के कुछ लोग सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर : गवई

लंदन, एजेंसी



- सीजेआई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। गवई ने कहा कि इस ऐतिहासिक संस्थान में खड़े होकर, मुझे डॉ. आंबेडकर द्वारा छोड़ी गई विरासत की याद आती है,जो केवल कानूनी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद में भी है।

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

वाशिंगटन, एजेंसी



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं।

थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता हमेशा चुना है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-चीन के बीच हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सांस्कृतिक संबंधों और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों को उचित रूप से दूर करने और स्वस्थ व स्थायी तौर पर चीन-भारत संबंधों के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

मॉस्को, एजेंसी



रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

जखारोवा ने कहा, रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अभियानों में ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं और यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित किया है, यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान पर कहा कि विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में साथ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि संगठन ने हमारे देश के नेतृत्व की नीति को बदनाम करने और दुनिया के कई क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल में रूसी प्रभाव को कम करने के सामान्य पश्चिमी प्रयास में जोर शोर से मदद की।

# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76 प्रतिशत प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन और नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु बन गया है। अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ा जाना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। अध्ययन अनुसार शहर में प्रतिदिन 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि केवल 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है।

**नसीहत** तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।

### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।